* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 344

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

प्रधानमंत्री को मिले तोहफों का ई-ऑक्शन शुरू: 912 आइटम नीलाम होंगे और बेस प्राइस 700 से 65 लाख रुपये तक है।



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG, X-RAY OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE



Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102

## मुख्यमंत्री ने 93 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

# कई विभागों में बड़ी संख्या में होंगी नियुक्तियां : हेमंत

- 47 सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) तथा 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही है। आज यह कोई पहला अवसर नहीं है, बल्कि पिछले कई अवसरों पर हमारी सरकार ने राज्य के युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी हैं। हमारी सरकार ने पहली बार विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली बनी। इससे पहले जो भी बहाली होती थी, वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंस जाती थी। मुख्यमंत्री मंगलवार को नयुिक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत झारखंड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) तथा वाणिज्य-कर विभाग अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित अधिकारीगण मौजूद थे।



### निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में मिल रहा ऑफर लेटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा है। इसके लिए 75 फीसदी स्थानीय को नौकरी देने के नियम बनाये गये हैं। राज्य के कई जिलों में रोजगार मेला लगा कर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गये हैं। यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### सामाजिक सुरक्षा के लिए लागू की सर्वजन पेंशन योजना

हेमंत सोरेन ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि इस राज्य के बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा दे सकें। सामाजिक सुरक्षा अगर समाज के अंदर नहीं है, तो विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।

### कई चुनौतियों का सामना करते हुए बढ़ रहे आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को मालूम है कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी और सुखाड़ जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ा। लेकिन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए इस राज्य के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### आप सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करनेवालों से कहा कि अब आप सरकार के अभिन्न अंग बन गये हैं। आपसे इस राज्य के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। जनता की समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता के साथ करें। आप सभी के सहयोग से राज्य को हम आगे ले जा सकेंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। आप लोगों के साथ-साथ सरकार के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि सरकार के पास जो अधिकारियों-कर्मियों की कमी है, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। अभी कुछ क्षेत्रों में झारखंड आगे है, लेकिन इस राज्य में क्षमता और दक्षता की कमी नहीं है। बस थोड़ा सा प्रयास करने की आवश्यकता है, इससे निश्चित रूप से इस राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में भी खड़ा किया जा सकता है। इसी उम्मीद के साथ आप सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

## सातवें मेधा डेयरी प्लांट का मुख्यमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के समीप गणके गांव में करीब 28 करोड़ की लागत से स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल, योजना सह वित्त विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव, मेधा डेयरी प्लांट के एमडी सुधीर कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। पांच एकड़ की भूमि पर पलामू में स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। दूध का प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग की बेहतर सुविधा है। इसके उपरांत मेधा नाम से उत्पाद बाजार में उपलब्ध हो जायेंगे। मेधा डेयरी प्लांट से पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालक किसान भाईयों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां दूध की पैकेजिंग होगी। भविष्य में यहां दही,पनीर, लस्सी,पेड़ा,राबड़ी एवं गुलाब जामुन का निर्माण कर बाजार में उतारा जायेगा। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। इसके पूर्व से रांची,देवघर,कोडरमा, लातेहार,सारठ एवं साहिबगंज में प्रोसेसिंग प्लांट कार्यशील है। मेधा डेयरी प्लांट के एमडी सुधीर कुमार ने बताया कि पलामू में स्थापित डेयरी प्लांट का संचालन झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा किया जायेगा। प्लांट तकनीक से लैस है। कच्चा एवं प्रोसेस दूध को स्टोरेज करने के लिए 4 मिल्क सायलो लगाया गया है। प्रत्येक की क्षमता 20-20 हजार किलो लीटर की है। वहीं 5 हजार लीटर क्षमता की पास्तुराइज़र लगे हैं।

# बिहारः सर्वदलीय बैठक में आरक्षण बढ़ाने की मांग हुई

- जातीय जनगणना रिपोर्ट पर बुलायी गयी थी बैठक
- सीएम नीतीश ने विधानसभा सत्र से पहले आर्थिक विश्लेषण का आंकड़ा भी जारी करने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को इस पर सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में भाकपा माले और एआइएमआइएम ने आरक्षण बढ़ाने की मांग उठायी। इस पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि विचार करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले विधानसभा सत्र से पहले आर्थिक विश्लेषण का आंकड़ा भी जारी कर दिया जायेगा। भाजपा नेता नेता हरि सहनी ने कुछ जातियों में उपजातियों की अलग-अलग गणना पर सवाल उठाये। उन्होंने पूछा कि कुछ जातियों की उपजातियों के साथ गणना हुई, कुछ की बिना उपजातियों के हुई है। ये गलत है, इससे उनका विकास कैसे होगा?

### किसने क्या कहा

**भाजपा : नेतृत्व से बात करने के बाद कुछ कहूंगा**

भाजपा के विधान परिषद में सदन के नेता हरि सहनी ने बताया कि उन्होंने बैठक में गणना को लेकर आपत्ति जतायी। हालांकि, किस बात पर आपत्ति जतायी यह नहीं बताया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व को बैठक की जानकारी देने के बाद ही इस पर कुछ बोलेंगे।

**कांग्रेसः बिहार सरकार की अच्छी पहल है**

कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि भाजपा ने जातीय गणना को इनकार किया तो बिहार सरकार ने अपने खर्चे से इसे कराया है। ये एक अच्छा काम है। इसका असर भी बहुत अच्छा होगा।

**भाकपा (माले): आरक्षण बढ़ाने की मांग की**

भाकपा (माले) विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा कि आगे से जो योजनाएं बनें, उसमें जातीय विषमताओं को ध्यान में रख कर बनाया जाये। गणना में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण बढ़ाया जाये। आरक्षण का प्रतिशत बढ़ना चाहिए।

**एआइएमआइएमः अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण निर्धारित हो**

एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमाम ने बताया कि सरकार योजनाएं बनाना चाहती है, तो पिछड़ी और एसएसटी के आरक्षण को बढ़ाया जाये। साथ ही अल्पसंख्यक के लिए अलग से आरक्षण का कंपार्टमेंट तय किया जाये।

## देश में गरीबी से बड़ी कोई आबादी नहींः मोदी

**जगदलपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातिगत जनगणना पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा है कि देश में गरीबी से बड़ी कोई आबादी नहीं है। हम इनके जनकल्याण के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जगदलपुर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जम कर कांग्रेस पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर विरोधियों को घेरा है। मोदी ने कहा कि कल से कांग्रेस ने एक नया राग अलापना शुरू कर दिया है। अब कांग्रेस कह रही है कि जितनी आबादी, उसका उतना हक। मैं कहता हूं कि इस देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है, तो गरीब की है। इसलिए गरीब कल्याण ही हमारा मकसद है। मोदी ने कहा कि आज तक कांग्रेस ने यह खुलासा नहीं



किया कि उन्होंने एक दूसरे देश के साथ क्या गुप्त समझौता किया है, लेकिन देश देख रहा है। इस समझौते के बाद कांग्रेस और ज्यादा देश की बुराई करने लगी है। ऐसा लगता है, उन्हें भारत में कुछ अच्छा नहीं लगता। मैं आपको आगाह करता हूं कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की इस नयी साजिश से हमें सतर्क रहना चाहिए। अगर देश के संसाधनों पर हक की बात है, तो सबसे पहला हक गरीब का है।

### जातीयगणना का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**पटना।** बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी किये। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक याचिका दायर की गयी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

## न्यूज रील्स

### नीतीश ने जेडीएस का जदयू में विलय करने को कहा: देवेगौड़ा

**बेंगलुरु।** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि चार महीने पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में अपनी पार्टी का विलय करने को कहा था। साथ ही विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में शामिल होने का प्रस्ताव भी रखा था। उनके दोनों प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

### जातीय गणना पर प्रशांत किशोर ने सरकार को घेरा

**पटना।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जातिगत जनगणना पर बिहार सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि ये लोग जातीय गणना करवा लिये, लेकिन इनको समाज की बेहतरी से कोई लेना-देना नहीं है। जातीय गणना को अंतिम दांव के रूप में खेला गया है ताकि समाज के लोगों को जातियों में बांट कर एक बार फिर किसी तरह चुनाव की नैया पार लग जाये।

### भ्रष्टाचार वाले बयान पर गहलोत ने माफी मांगी

**जयपुर।** ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार को लेकर दिये गये बयान पर सीएम अशोक गहलोत ने खेद जताया है। सीएम ने मंगलवार को हाइकोर्ट की जयपुर बेंच में माफी मांगी। गहलोत ने कहा न्यायपालिका का पूरा सम्मान है और यदि न्यायपालिका की गरिमा को कोई ठेस लगी है, तो बिना शर्त माफी मांगता हूं।

### आरएसएस कार्यकर्ता के घर पर बम से हमला

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में आरएसएस कार्यकर्ता शाजी श्रीधरन के घर पर बम से हमला किया गया। इससे घर के सामने खड़ी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। हमलावरों के बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आयी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राहुल गांधी ने की गोल्डन टेंपल में दूसरे दिन भी सेवा



**अमृतसर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को एक बार फिर गोल्डन टेंपल पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले लंगर घर में महिलाओं के साथ सब्जी और लहसुन काटा और जूठे बर्तन धोये। उन्होंने हॉल में लंगर बांटा। इससे पहले उन्होंने देर रात 12 बजे तक सेवा की थी। 24 घंटों में वह तीसरी बार सेवा करने के लिए पहुंचे हैं।

## गढ़वा का रहनेवाला है संदिग्ध आतंकी अरशद

- दिल्ली पुलिस ने सोमवार को शाहनवाज के साथ किया था गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आइएसआइएस के संदिग्ध आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी और उसके दो साथी मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अरशद वारसी को सोमवार को गिरफ्तार किया था। आतंकी शाहनवाज जहां हजारीबाग का रहने वाला है, वहीं उसका दूसरा साथी अरशद वारसी गढ़वा के रांकी मोहल्ला का रहने वाला है। गिरफ्तार आइएसआइएस आतंकी शाहनवाज, रिजवान और अरशद त्योहार से पहले देश में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। मोहम्मद अरशद दिल्ली में रहकर जामिया मिलिया से बीटेक और एमबीए करने के बाद अरशद पीएचडी कर रहा है। अरशद के पिता पेशे से सरकारी शिक्षक हैं और गढ़वा में ही रहते हैं। अरशद का भाई भी उच्च शिक्षा धारी है और कुछ दिनों पहले उसकी दिल्ली पोस्टिंग हुई है। अरशद के कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिसमें वह भाषण देते हुए नजर आता है। वह कई वर्षों से दिल्ली में रह रहा है। गिरफ्तारी के वक्त अरशद वारसी मुरादाबाद में था।

# न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर समेत दो पत्रकार गिरफ्तार

- गैर कानूनी गतिविधि और चीनी फंडिंग के केस में छापे, 30 जगहों पर कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार 3 अक्टूबर की रात न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और एक अन्य पत्रकार अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया। इन पर फॉरेन फंडिंग लेने का आरोप है। सुबह 30 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे गये थे। 37 लोगों से पूछताछ की गयी, जिनमें 9 महिलाएं शामिल हैं। इससे पहले न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकार अभिसार शर्मा, उर्मिलेश और



परंजॉय गुहा ठाकुरता को पुलिस ले गयी थी। इन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। उधर, मुंबई में एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ के घर ड्डी मुंबई पुलिस की एक टीम पहुंची थी।

दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई यूएपीए के तहत की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 5 अगस्त को एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि न्यूजक्लिक को एक अमेरिकी अरबपति नोवेल रॉय सिंघम ने फाइनेंस किया था। वे चीनी प्रोपेगैंडा को बढ़ावा देने के लिए भारत समेत दुनियाभर में संस्थाओं को फंडिंग करते हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर 17 अगस्त को न्यूजक्लिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उर्मिलेश, अभिसार सहित कई पत्रकारों को लंबे समय तक जेल में रखा जा सकता है। इनके खिलाफ धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, आतंकी मामलों से जुड़ी, आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग जुटाना, षड्यंत्र समेत अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज किये गये हैं। जिन पत्रकारों के यहां छापा मारा गया, उनमें प्रमुख रूप से प्रबीर पुरकायस्थ, संजय राजौरा, उर्मिलेश, भाषा सिंह, परंजॉय गुहा ठाकुरता, ऑनिंदो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा और सोहेल हाशमी हैं। कहा जा रहा है कि ये सभी न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक से जुड़े हुए हैं।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,900 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो | |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 04 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़ों पर सियासत गरम

## ■ गैर-भाजपा दलों के बीच इस मुद्दे को लेकर मतभेद अब भी कायम

## ■ जदयू और राजद जैसी जातिवादी पार्टियों को दिख रहा है सियासी लाभ

## ■ बड़ा सवालः इस तरह की रिपोर्ट से समाज को कहीं विभाजित होने का खतरा तो नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में जाति आधारित जनगणना के आंकड़े एक रिपोर्ट की शक्ल में जारी किये जा चुके हैं। इस रिपोर्ट के बाद सियासत गरमा गयी है। एक तरफ बिहार में सत्तारूढ़ जदयू और राजद जैसी जातिवादी पार्टियां और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस रिपोर्ट को बड़ा सियासी हथियार मान रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे बड़ी आबादी गरीबों की बतायी है। बिहार सरकार ने जो आंकड़े जारी किये हैं, उसके अनुसार राज्य में 36.01 प्रतिशत जनसंख्या अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। वहीं 27.12 प्रतिशत जनसंख्या पिछड़ा वर्ग की है। अनारक्षित या सामान्य वर्ग के लोगों की जनसंख्या 15.52 प्रतिशत बतायी गयी है। यहां ध्यान देनेवाली बात यह है कि रिपोर्ट में अत्यंत पिछड़ा वर्ग का मतलब बिहार में 130 जातियों और उप-जातियों वाले इबीसी समुदाय से है, जो लंबे समय से नीतीश कुमार के एजेंडे में रहा है। उन्होंने गैर-यादव पिछड़ी जातियों की गोलबंदी तैयार करने के उद्देश्य से इसे अलग से वर्गीकृत किया था। इसमें यादव और कुर्मी जैसी ओबीसी जातियां शामिल नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अब बिहार में इबीसी और ओबीसी नामक दो गुट बन जायेंगे और इनकी गोलबंदी अलग-अलग होगी। इसका जवाब भविष्य देगा, लेकिन इतना तय है कि अब ओबीसी में भी ज्यादा प्रभाव वाली जातियों के खिलाफ अलग-अलग जातियों के संयुक्त मोर्चे बनने लगेंगे। यह भारत जैसे विविधता वाले देश में सामाजिक विभाजन का पहला चरण हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार बिहार में हिंदुओं की जनसंख्या जहां 81.99 प्रतिशत है, वहीं मुस्लिम 17.70 प्रतिशत हो चुके हैं। बाकी सभी मजहबों की जनसंख्या 0.1 प्रतिशत भी नहीं है। इन आंकड़ों के सामने आने से नीति निर्धारण में क्या मदद मिलेगी, योजनाओं की रूपरेखा किस तरह से बदल जायेगी और गरीबों को क्या फायदा होगा, इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है। लेकिन इतना जरूर साफ हो गया है कि इन आंकड़ों का इस्तेमाल आगे की राजनीति में भरपूर तरीके से किया जाना है। क्या है बिहार में जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट के मायने और क्या इसके नफा-नुकसान, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारत में जनगणना का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। भारत में पहली बार साल 1881 में जनगणना करवायी गयी। अंग्रेजों की सरकार में हुई इस जनगणना में जातियों का आंकड़ा भी इकट्ठा किया गया। हर 10 साल पर होनेवाली जनगणना के जरिये जातिगत आंकड़ों के जारी होने का सिलसिला 1931 तक चलता रहा। 1931 वह आखिरी साल था, जब जातियों का आंकड़ा सार्वजनिक किया गया। इसके बाद से अब तक राष्ट्रीय स्तर पर जातियों की जनसंख्या का कोई भी ठोस आंकड़ा नहीं है। वहीं, 1941 में भी जाति के आधार पर जनगणना की गयी, मगर अंग्रेजी हुकूमत की तरफ से इसका आंकड़ा लोगों के लिए जारी किया ही नहीं गया। इसके 10 साल बाद जब 1951 में आजाद भारत में लोगों की गिनती की गयी, तो सरकार ने फैसला किया कि जातियों का आंकड़ा तो जारी किया जायेगा, मगर इसके लिए जब जनगणना होगी, तो उसमें सिर्फ अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आंकड़े ही शामिल किये जायेंगे। हालांकि, बाद में सरकार ने हर 10 साल पर जनगणना करवायी, मगर उसमें कभी जातियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने नहीं रखी गयी। 80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियों का उभार हुआ। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिये जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की। भारत सरकार ने साल 1979 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के मसले पर मंडल कमीशन का गठन किया। मंडल कमीशन ने ओबीसी को आरक्षण देने की सिफारिश की। इस सिफारिश को 1990 में उस वक्त के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसके बाद देशभर में सामान्य श्रेणी के छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किये। भारत ने 90 के दशक में जब मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू कर पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिया, तो उसके लिए 1931 में मौजूद जातिगत गणना के डाटा का इस्तेमाल किया गया। 1931 के आंकड़ों के मुताबिक, देश में ओबीसी की आबादी 52 फीसदी होने की बात कही गयी। यह वह दौर था, जब जातिगत गणना की मांग उठने लगी थी। दरअसल, यूपीए-2 की सरकार के समय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बनाया गया। साल 2010 में लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे ओबीसी नेताओं ने सरकार पर दबाव बनाया कि उसे जातियों की जनगणना करवानी चाहिए। पिछड़े समुदाय से आनेवाले कांग्रेसी नेताओं ने भी यही बात दोहरायी। वहीं, ओबीसी नेताओं की तरफ से बन रहे दबाव का असर भी देखने को मिला। 2011 में सरकार ने फैसला किया कि वह सोसियो-इकनॉमिक कास्ट सेंसस करवायेगी। इसके लिए चार हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। यह जनगणना 2013 में पूरी भी हो गयी, मगर इसके जरिये हासिलकी गयी जातियों का आंकड़ा आज तक सामने नहीं आया है।




### जाति आधारित गणना की रिपोर्ट

कोर्ट-कचहरी के चक्करों से निकल कर बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट सोमवार को सार्वजनिक हो गयी। इस गणना के साथ राज्य की जनसंख्या का भी आकलन हो गया। बिहार सरकार ने एक किताब के जरिये राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक कर दिये हैं। इससे पहले राजस्थान और कर्नाटक भी जाति के आधार पर जनगणना करा चुके हैं। बता दें कि साल 2011 में हुई जनगणना के बाद जातीय आधार पर ही रिपोर्ट तैयार की गयी थी, लेकिन इसे जारी नहीं किया गया। बिहार सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि राज्य में पिछड़े वर्ग की कुल आबादी में हिस्सेदारी 63 फीसदी है। इसमें पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग शामिल हैं। वहीं, सामान्य वर्ग की आबादी 15.52 फीसदी है। बता दें कि बिहार की कुल आबादी 13.07 करोड़ से ज्यादा है।

बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं। मुस्लिम की संख्या 17.7% है। इसाई 0.05 फीसदी, सिख- 0.011% और 0.08 फीसदी बौद्ध हैं। राज्य की कुल आबादी में राजपूत 3.45 फीसदी, ब्राह्मण 3.65, भूमिहार 2.86, यादव 14 और नौनिया 1.9 फीसदी हैं। जातियों को बांट कर गिना गया तो सबसे ताकतवर जाति नहीं बदली। आंकड़े कह रहे हैं कि बिहार की आबादी 13,07,25,310 है। वहीं कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2,83,44,107 है। इसमें पुरुषों की संख्या 6 करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख है। बिहार में प्रति 1000 पुरुषों में 953 महिलाएं हैं।

बिहार में पिछड़ा वर्ग 27.13 फीसदी, अति पिछड़ा वर्ग 36.01 फीसदी और अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 15.52 फीसदी है। इसके अलावा राज्य में कुर्मी आबादी 2.87 फीसदी, कुशवाहा 4.27 फीसदी, धानुक 2.13 फीसदी, भूमिहार 2.89 फीसदी, सुनार 0.68 फीसदी, कुम्हार 1.04 फीसदी, मुसहर 3.08 फीसदी, बढ़ई 1.45 फीसदी, कायस्थ 0.60 फीसदी और नाई 1.59 फीसदी, हैं। वहीं ट्रांसजेंडर की संख्या 825 है।

### क्यों करायी गयी जातीय जनगणना

बिहार में ज्यादातर राजनीतिक दल जातीय जनगणना की लंबे समय से मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि जातीय जनगणना होने से राज्य में रहनेवाले दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों की सही संख्या पता चल जायेगी। इससे उन्हें आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने में आसानी होगी। अगर सही जातीय जनसंख्या का पता होगा, तो राज्य में उनके मुताबिक प्रभावी योजनाएं बनायी जायेंगी। बिहार विधानसभा में 18 फरवरी 2019 और विधान परिषद में 27 फरवरी 2020 को जातीय जनगणना कराने से जुड़ा प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव को भाजपा, राजद, जदयू समेत सभी दलों ने समर्थन दिया था।

### जातीय जनगणना की रिपोर्ट से नीतीश को धक्का!

बिहार में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से सबसे बड़ा धक्का अगर किसी की राजनीति को लगा है, तो वह हैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। रिपोर्ट में जो आंकड़ें आये हैं, वह 1931 में की गयी जनगणना से बहुत ज्यादा अलग नहीं हैं। पिछड़ा वर्ग में सबसे ज्यादा आबादी यादवों की है 14.2 प्रतिशत। उसके बाद दूसरे नंबर पर कुशवाहा समाज है, जिसकी आबादी 4.27 प्रतिशत है। नीतीश कुमार कुर्मी समाज से आते हैं, जिनके समर्थकों का दावा था कि उसकी आबादी चार फीसदी से ज्यादा है, लेकिन रिपोर्ट में कुर्मी समाज की आबादी निकली 2.87 प्रतिशत। नीतीश कुमार को इस बात से भी झटका लग सकता है कि मुसहर समाज की आबादी उनके समाज की आबादी से ज्यादा है। मुसहर समाज की आबादी है 3.08 प्रतिशत और कानू समाज की आबादी है 2.81 प्रतिशत, लगभग कुर्मी समाज के बराबर। देखा जाये तो यादवों के बाद अगर किसी समाज के नेतृत्व का अधिकार बनता है, तो वह है कुशवाहा समाज। लव जिन्हें कुर्मी समाज कहा जाता है और कुश जिन्हें कुशवाहा समाज कहा जाता है। नीतीश कुमार कुशवाहा समाज से लगातार कटते गये हैं। इस वक्त भाजपा के जो प्रदेश अध्यक्ष हैं सम्राट चौधरी, वह कुशवाहा समाज से आते हैं। उपेंद्र कुशवाहा पहले ही भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल हैं। अब 2024 और 2025 की जो लड़ाई बनने जा रही है बिहार में, वह 14.27 प्रतिशत यादव समाज के बीच, 17.7 मुस्लिम वोट के बीच यानी एमवाइ समीकरण बनाम 36 प्रतिशत अति पिछड़ा समाज और 15 प्रतिशत से ज्यादा अगड़ा समाज के बीच। अब यहां बाजी कौन मारेगा साफ है। मतलब लड़ाई होगी राजद बनाम भाजपा। जदयू कहां है इस रेस में। इस हिसाब से तो यादव समाज से आनेवाले तेजस्वी यादव को गद्दी सौंपनी पड़ेगी नीतीश कुमार को। राजनीतिक गलियारे में सवाल उठने लगा है कि क्या नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना करवा कर अपने ही पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार दी है।

### सवर्ण जाति की संख्या में काफी गिरावट

राज्य सरकार की तरफ से जारी किये गये जाति आधारित जनगणना के आंकड़ों के अनुसार सवर्ण जाति के लोगों की संख्या में काफी गिरावट आयी है। रिपोर्ट के अनुसार 1931 के मुकाबले इनमें 90 साल के दौरान बढ़ने की बजाय गिरावट दर्ज की गयी है। सोमवार को जारी की गयी जाति आधारित रिपोर्ट से यह साफ होता है कि 1931 की तुलना में कई जातियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है, तो वहीं कई जातियां ऐसी हैं, जिनकी संख्या में 90 साल के दौरान भी बढ़ोतरी नहीं हुई।

### जातिगत जनगणना से क्या नुकसान हो सकता है

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक जातिगत जनगणना से आरक्षण का मुद्दा फिर तूल पकड़ सकता है। अगर आंकड़े जारी होने के बाद ऐसा हुआ, तो तूफान खड़ा हो जायेगा। अगर इन आंकड़ों को आधार बना कर आरक्षण के मुद्दे को हवा दी गयी, तो सवर्ण इसके खिलाफ खड़े हो सकते हैं। उनका कहना है कि जातिगत जनगणना से आरक्षण बढ़ा, तो सबसे ज्यादा नुकसान अगड़ी जातियों को ही होगा। ऐसे में यह पूरा मामला नये सिरे से अगड़ों-पिछड़ों में ध्रुवीकरण करा सकता है। इसका वोट बैंक पर भी असर होना तय है। अब देश के कई राज्यों में इस तरह की जातिगत जनगणना की आवाज उठ सकती है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# तेलंगाना में पीएम की चुनावी सभा

## एक गुजराती बेटे पटेल ने आपको आजादी दिलायी, अब दूसरा गुजराती बेटा विकास के लिए आया हैः नरेंद्र मोदी



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ में जनसभा को संबोधित करने के बाद तेलंगाना पहुंचे। यहां निजामाबाद में उन्होंने कहा कि तेलंगाना को एक गुजराती बेटे सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी दिलायी थी। अब दूसरा गुजराती बेटा विकास के लिए आया है। मोदी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने यहां की बीआरएस सरकार को विकास के लिए भारी पैसा भेजा, लेकिन उन्होंने उसे लूट लिया। अब तेलंगाना में बीआरएस की सरकार जाना तय है। साथ ही उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों को कांग्रेस से भी सावधान रहने की जरूरत है। पूरा देश उसे नकार चुका है।

# राजस्थान में गहलोत बनाम मोदी का बन रहा माहौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चित्तौड़गढ़ सभा में अपने भाषण के दौरान कई छुपे संदेश दिये। यह संदेश बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों के लिए हैं। भाषण के दौरान गहलोत सरकार की योजनाएं, मोदी मतलब गारंटी, चुनाव में एक ही चेहरा-कमल का फूल आदि का उल्लेख किया। कमल के फूल के जरिए उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं वसुंधरा राजे और अन्य को भी संदेश दिया कि वे किसी एक चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने गहलोत पर हमला बोल ाकर यह संदेश दे दिया कि यह चुनाव मोदी बनाम गहलोत होगा। मोदी ने अपने भाषण के जरिए न सिर्फ छुपे संदेश दिये, बल्कि बीजेपी का एक्शन प्लान भी बताया। पीएम मोदी ने साफ किया कि राज्य में बीजेपी सरकार आने के बाद भी गहलोत सरकार की जनहित योजनाएं बंद नहीं की जायेंगी। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि भाजपा की सरकार आयी, तो उनकी योजनाएं बंद कर दी जायेंगी। मतलब साफ है कि गहलोत ने मान लिया है कि राज्य में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। मोदी ने कहा, मैं राजस्थान की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि बीजेपी सरकार बनने के बाद जनहित की कोई भी योजना बंद नहीं की जायेगी, बल्कि इसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा। दरअसल, रविवार को देशभर से सरकारी कर्मचारी केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में जुटे थे। कर्मचारियों की मांग थी कि केंद्र सरकार राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल की तर्ज पर केंद्रीय कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दे। ऐसे में केंद्र सरकार पर केंद्रीय कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पीएम मोदी ने गहलोत की इन प्रमुख योजनाओं को जारी रखने की बात कह कर एक तरह से विधानसभा चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में भी श्रमिक वर्ग को लुभाने की कोशिश की है। पीएम मोदी ने कहा कि कमल को भारी बहुमत से जिताना है, कमल के नेतृत्व में चुनाव लड़ना है, कमल के निशान पर बटन दबा कर राजस्थान को आगे बढ़ाना है। सूत्रों ने बताया कि उनका इशारा मंच पर बैठे नेताओं की ओर भी था। मोदी यह साफ करना चाहते हैं कि कोई भी नेता पार्टी से बड़ा नहीं है। हर नेता और कार्यकर्ता की पहचान कमल के फूल से होती है। यानी जब तक वह पार्टी में हैं, उनकी पहचान वहीं तक सीमित है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी साफ संदेश दिया कि वे किसी गुट में न रहें, उन्हें गुटबाजी का शिकार नहीं होना चाहिए। यह भी साफ कर दिया गया कि चुनाव में बीजेपी का कोई चेहरा नहीं होगा। चेहरा केवल कमल का फूल होगा।





आप ने एमपी में जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची

# एक्ट्रेस और बीजेपी की बागी को मिला टिकट



एमपी में होनेवाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसके तहत ही उसने अपने कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। दूसरी सूची में 29 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गयी है। एक्ट्रेस चाहत पांडे और बीजेपी बागी ममता मीणा को टिकट दिया गया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी पहली बार इतने बड़े लेवल पर एमपी और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। आप पार्टी ने अभी तक अपने 39 कैंडिडेट के नामों की घोषणा कर दी है। अपनी दूसरी लिस्ट जारी करते हुए पार्टी ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखाः इस बार चलेगा झाड़ू। इंदौर क्षेत्र-1 से बीजेपी के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय और कांग्रेस के नेता संजय शुक्ला मैदान में उतरे हैं। वहीं, इनके सामने आप ने अनुराग यादव को टिकट दिया है। कंस्ट्रक्शन का काम करनेवाले नेता पार्टी के लिए कई बार जेल जा चुके हैं। अनुराग यादव 2015 से पार्टी से जुड़े है, उन्हें पार्षद चुनाव में अलीराजपुर का प्रभार दिया गया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.8 °c | 22.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |



# झारखंड में 152 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

## विजय कुमार को ओरमांझी, प्रवीण कुमार को नामकुम का बीडीओ बनाया गया

**गढ़वा के सदर इलाके में पदस्थापित कुमुद कुमार झा को खूंटी जिले के तोरपा का बीडीओ बनाया गया**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने एक साथ 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का तबादला किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने मंगलवार शाम अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार जामताड़ा जिले के सदर क्षेत्र के बीडीओ जहीर आलम को धनबाद के गोविंदपुर का बीडीओ बनाया गया है। जबकि बोकारो के पेटरवार बीडीओ शैलेश कुमार चौरसिया को धनबाद टुंडी का बीडीओ, गढ़वा के डंडा में पदस्थापित बीडीओ फनीश्वर रजवार को धनबाद के तोपचांची का बीडीओ, पलामू के हरिहरगंज में पदस्थापित जय प्रकाश नारायण को धनबाद के कलियासोल का बीडीओ, सुषमा आंनद को धनबाद के बाघमारा का बीडीओ, गढ़वा के सदर इलाके में पदस्थापित कुमुद कुमार झा को खूंटी जिले के तोरपा का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलावा प्रशांत डांग को खूंटी जिले के रनिया का बीडीओ, सुलेमान मुंडारी को खूंटी के मुरहू का बीडीओ, गणेश महतो को खूंटी के अड़की का बीडीओ, स्मिता नगेशिया को खूंटी के कर्रा का बीडीओ, ज्योति कुमारी को खूंटी जिले के सदर का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलावा अन्य कई अधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह भेजा गया है।

इसी प्रकार जयपाल महतो को जरीडीह, अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, गणेश रजक को गिरिडीह सदर, मृत्युंजय कुमार को पदमा हजारीबाग, मनीष कुमार को दारू, जितेंद्र कुमार मंडल को बड़कागांव, संतोष कुमार को इचाक, अखिलेश कुमार को विष्णुगढ़, अमित कुमार को केरेडारी, एकता वर्मा को कटकमदाग, रश्मि खुशबू मिंज को टाटीझरिया, नम्रता जोशी को बुड़मू, ललित राम को चुरचू, शक्ति कुंज को मनोहरपुर, अमिताभ भगत को चाइबासा सदर, ललित कुमार भगत को टोटो, सीमा कुमारी को चक्रधरपुर, सीमा आनंद को झींकपानी, सिद्धार्थ शंकर यादव को महेशपुर का बीडीओ बनाया गया है।

श्रीमान मरांडी को लिट्टीपाड़ा, समीर अल्फ्रेड मुर्मू को पाकुड़, साइमन मरांडी को पाकुड़िया, केशव भारती को बहरागोड़ा, सच्चिदानंद महतो को जमशेदपुर, निलेश कुमार मुर्मू को डुमरिया, अभय कुमार द्विवेदी को पोटका, बबली कुमारी को धालभूमगढ़, अनिका शर्मा को घाटशिला, परितोष प्रियदर्शी को मोहम्मदगंज, धीरज कुमार को बूढ़मू, नागेश कुमार को सोनाहातू, विजय कुमार को ओरमांझी, प्रवीण कुमार को नामकुम, संतोष कुमार प्रजापति को तमाड़, संजीत कुमार सिंह की कांके, अशोक कुमार को चान्हो, रेनू बाला को सिल्ली, रेणु कुमारी को बुंडू, दीपाली भगत को नगड़ी के बीडीओ के रूप में पदस्थापित किया गया है। ज्ञानमनी एक्का को चितरपुर, संजय कुमार कोनगाड़ी को मांडू, संजय कुमार शांडिल्य को गोला, सुनील कुमार प्रजापति को दुलमी, पूजा कुमारी को रामगढ़ सदर, कुमार एस अभिनव को नीमडीह, प्रधान मांझी को सरायकेला खरसावां, प्रवीण कुमार को गम्हरिया, साधु चरण को कुचाई, अस्मिता सिंह को सरायकेला सदर, कालेश्वर रविदास को चांडिल, मेघनाथ उरांव को मंदरो, सलखू हेंब्रम को लालझाडी, उदय कुमार सिन्हा को राजमहल, नागेश्वर साहू को मोरियो, सनी कुमार दास को बरहरवा, जितेंद्र कुमार पांडेय को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में व्याख्याता, मेरी को राज्य ग्रामीण संस्थान, मोहम्मद अजमल हुसैन को मसलिया और एजाज आलम को शिकारीपाड़ा का बीडीओ बनाया गया है।

## रांची हिंसा: 21 नवंबर को अगली सुनवाई, इंटरवेनर ने कहा-पुलिस फायरिंग की न्यायिक जांच हो

**रांची।** हिंसा की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इंटरवेनर (हस्तक्षेप याचिका दायर करनेवाले) पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस द्वारा चलायी गयी गोली की न्यायिक जांच होनी चाहिए। इसके बाद हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने अगली सुनवाई के लिए 21 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

# सदर अस्पताल में अब डेंगू जांच फ्री

**प्राइवेट लैब में 1200 रुपये तक होते हैं खर्च**

**डेंगू के बढ़ते मरीजों को लेकर प्रबंधन ने लिया निर्णय**

**निजी जांच घर में, 800-1200 रुपये जांच शुल्क**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड समेत रांची में डेंगू के बढ़ते मामले के बीच सदर अस्पताल ने अब डेंगू की जांच को निशुल्क करने का निर्णय लिया है।

सदर अस्पताल के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में हर रोज 125 से 150 की संख्या में डेंगू की जांच के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब 10% मरीज डेंगू पॉजीटिव पाये जा रहे हैं।

## निजी जांच घरों में 800 से लेकर 1200 तक रुपये तक जांच शुल्क

**वहीं डेंगू की जांच के लिए प्राइवेट लैब में मरीजों को 800 से लेकर 1200 रुपये चुकाने पड़ते हैं। सदर अस्पताल में निशुल्क जांच शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में मरीजों ने राहत की सांस ली है।**

सदर अस्पताल में इस जांच के लिए 30 रुपये लिया जाता था। इनमें डेंगू के संदिग्ध मरीज की आइजीएम मैक एलाइसा टेस्ट और एनएस1 एंटीजेन एलाइसा जांच की जाती है। इससे डेंगू से संक्रमितों का पता लगाया जाता है।

### क्या कहते हैं सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने जांच को निशुल्क करने का निर्णय लिया है। वहीं पैथोलॉजी विभाग के इंचार्ज डॉ विमलेश कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में प्रबंधन का यह निर्णय मरीजों के लिए राहत भरा होगा।

### अब तक राज्य भर में 1556 मरीज मिल चुके हैं

वहीं 1 अक्टूबर तक झारखंड में डेंगू के 1556 मरीज मिल चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम में 891 और रांची में 76 डेंगू के मरीज मिले हैं। मंगलवार को राज्य भर में डेंगू के 147 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 51 संदिग्ध मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले में मिले हैं। जांच के बाद 3 में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि साहिबगंज में 31 संदिग्धों की जांच के बाद 10 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। बता दें कि राज्य भर में 13 नये मरीज मिले हैं। वहीं सक्रिय मरीजों की संख्या 58 है। जबकि चिकनगुनिया के 108 संदिग्ध मरीज राज्य में मिले। सबसे ज्यादा गढ़वा में 71 मरीज मिले। हालांकि जांच के बाद एक भी मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कर्मक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना होगा,इस समय शत्रु हावी हो सकता है।

**वृष** भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी,कारोबार की स्थिति में सुधार,आर्थिक लाभ।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी,बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

**सिंह** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा।

**कन्या** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी.अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना।

**वृश्चिक** नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगा।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी,सरकारी कार्य में प्रगति होग।

**मकर** नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना,रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# प्रमुख मंदिरों और अखाड़ों में महावीरी पताका लगायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित के आह्वान पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राजधानी रांची के सभी प्रमुख मंदिरों एवं अखाड़ों में पूजा-अर्चना कर महावीरी पताका लगायी गयी। श्री महावीर मंडल रांची के आह्वान पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल झारखंड के द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा (08 अक्टूबर 2023) में हजारों की संख्या में अखाड़ों एवं मंदिरों में स्थापित महावीरी पताका एवं गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे। पूजा-अर्चना में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, मंत्री कैलाश केसरी, सुजीत सिंह, गोपाल पारीक, कैलाश पारीक, लंकेश सिंह, टिंकू महतो, राहुल कुमार दुबे, रंजीत चौरसिया, इंदर सिंह, रोहित राज पांडेय, प्रीतम सिंह मुन्ना शामिल थे।

## कार्यक्रम : प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई

# जनता की समस्याओं का समाधान करें : डॉ रामेश्वर

**जन-सुनवाई कार्यक्रम में गिरिडीह, पलामू, रांची और कोडरमा से लोग पहुंचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस इन दिनों जनता दरबार लगा रही है। इसमें कांग्रेस के आलाकमान की तरफ से राज्य के मंत्रियों को यह जिम्मेदारी दी गयी है कि ज्यादा से ज्यादा जनता दरबार लगाकर जन समस्याओं का समाधान करें।

इसी को लेकर राज्य के वित्त और खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आयोजित जन-सुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए।



कांग्रेस कार्यालय में मंत्री ने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को निर्देश दिया। भारी बारिश के बीच भी लोग अपने-अपने जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जन-सुनवाई कार्यक्रम में गिरिडीह, पलामू, रांची, कोडरमा से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्याओं में मुख्य रूप से मकान में अवैध कब्जा हटाने के संबंध में, विधवा महिला को प्रताड़ित करना, जनवितरण प्रणाली में डिलरों के धांधली और वृद्धा पेंशन जैसे मामले आये। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि तमाम जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

# झारखंड में 8 अक्टूबर तक हर दिन बारिश



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में पूरे सप्ताह यानी 8 अक्टूबर तक गरज के साथ हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 अक्टूबर तक के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। बुधवार को भी राज्य के सभी हिस्सों में बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। जिन इलाकों में बारिश की ज्यादा संभावना है, उनमें सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसी तरह मौसम का मिजाज 8 अक्टूबर तक बना रह सकता है।

## कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में वज्रपात से नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने इस दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। तेज बारिश के दौरान पेड़ के नीचे रहने, बिजली के खंभे के नीचे रहने और बारिश में फोन के इस्तेमाल करने से मना किया है। राजधानी रांची में भारी बारिश की वजह से सड़कों पर भी पानी भरा है। 6 से लेकर 8 अक्टूबर तक बारिश की संभावना है, लेकिन इसके लिए अभी किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

# झारखंड सहित पांच राज्यों में है आइएसआइएस मॉड्यूल की धमक, दो अन्य संदिग्ध आतंकी की तलाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़े इस्लामिक स्टेट (आइएस) से के संदिग्ध आतंकवादी की दो महीने से ज्यादा समय तक निगरानी की गयी थी। इसके अलावे उत्तर भारत में 200 जगहों पर छापेमारी के बाद दिल्ली पुलिस ने मोस्ट वांटेड आतंकी झारखंड के हजारीबाग निवासी मो शाहनवाज आलम और उसके दो साथी अरशद वारसी और मो रिजवान अशरफ को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आइइडी बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले साधारण केमिकल, टाइमर, रिमोट और बैटरी सहित कई खतरनाक सामग्रियां जब्त की गयी हैं. जांच में पता चला है कि झारखंड के अलावे दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में भी इनकी बदौलत आइएसआइएस की धमक बढ़ी है। अरशद वारसी का संबंध गढ़वा से बताया जा रहा है।

## आगामी त्योहारों पर निशाना बनाने की थी तैयारी

पुलिस ने दावा किया है कि यह मॉड्यूल आने वाले त्योहारों से ठीक पहले दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर और अयोध्या में बड़ा विस्फोट करने की साजिश रच रहा था। ये लोग गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले के मास्टरमाइंड फरतुल्लाह गौरी और उसके दामाद शाहिद फैसल के संपर्क में थे, जो कि अब पाकिस्तान में आइएसआइ की पनाह में रहते हैं। तीनों इन्हीं के आदेश पर बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

### शाहनवाज आलम साधारण केमिकल से बना लेता है बम

गिरफ्तार शहनवाज बेंगलुरु के विश्वसरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग कर चुका है। पुलिस के अनुसार आलम साधारण केमिकल के इस्तेमाल से आइइडी बना लेता है। 31 साल के इस माइनिंग इंजीनियर के पास विस्फोटकों की व्यापक जानकारी ने एंटी-टेरर यूनिट के लोगों को भी चौंका दिया। पूछताछ में पता चला है कि आलम ने 2016 में एनआइटी विश्वेश्वरैया, नागपुर से बीटेक करते समय ब्लास्टिंग, ब्लास्ट डिजाइन और रॉक ब्लास्टिंग ऑपरेशन अच्छे से पढ़ा था और उस नॉलेज का इस्तेमाल करके आइइडी बनाने लगा। उसके फोन से पुलिस ने आसानी से मिलनेवाले रसायनों के जरिए आइइडी बनाने के तरीके और सामग्रियों के बारे में जानकारी हासिल की है।

### गुजराती महिला से शादी कर कराया था धर्म परिवर्तन

मूलरूप से हजारीबाग के रहने वाले शाहनवाज 2020 में लूटकांड के एक मामले में हजारीबाग से जेल गया था। जेल से छूटने के बाद वह पुणे चला गया था। 17-18 जुलाई को शाहनवाज वाहन चोरी करते उसके साथी इमरान और युसूफ पकड़े गये थे, लेकिन वह भाग निकला था। पकड़े गये आतंकवादी लोगों का सामान और बाइक चुरा कर उससे पैसा कमाते थे और फिर इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करते थे। शुरूआती जांच के दौरान पता चला कि शाहनवाज एक विदेशी-आधारित हैंडलर ने संभवत: एक आतंकी हमले को अंजाम देने के निर्देश के साथ दो अन्य आतंकियों के सदस्यों के संपर्क में था। इसके सहयोगी इमरान और युसूफ चित्तौड़गढ़ ब्लास्ट में वांछित हैं। मोस्ट वांटेड आतंकी शहनवाज ने पुणे में रहने के दौरान गुजरात की महिला बसंती पटेल से शादी की। उसका धर्मांतरण करवाया और उसका नाम मरियम रखा। गिरफ्तार आतंकियों में शहनवाज आलम पर मुंबई में इसी साल (आरसी/05/2023/) केस दर्ज किया गया था।

### टेलीग्राम पर आइएसआइएस समर्थक संस्थाओं को करता था फॉलो

शाहनवाज के सहयोगी अरशद वारसी मेकेनिक्स में बीटेक के बाद मार्केटिंग में एमबीए किया है। आलम आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रभावित हो गया। वह मोहम्मद रिजवान अशरफ से मिला। उन्होंने टेलीग्राम पर आइएसआइएस समर्थक संस्थाओं को फॉलो करना शुरू कर दिया। आइएस से जुड़े विदेशी हैंडलर के कहने पर आलम ने कई राज्यों में कुछ संभावित क्षेत्रों की जानकारी हासिल की, जहां आइइडी लगाये जा सकते थे और जानमाल का नुकसान हो सकता था। ये महाबालेश्वर, गोवा, हुबली, उडुपी, चंदौली समेत कई जगहों पर गये थे। पुलिस ने इनके पास से कई मैप बरामद किये हैं। इन लोगों ने आइइडी के नमूने तैयार किये थे और राजस्थान, उत्तराखंड के दूरदराज के इलाकों में उसका टेस्ट किया था।

# नॉन-नेट फेलोशिप की राशि में बढ़ोतरी की जाये : अभाविप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कनिष्ठ/वरिष्ठ शोध अध्येताओं व रिसर्च एसोसिएट की अध्येतावृत्ति में बढ़ोतरी के निर्णय का स्वागत करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जब विज्ञान के विषयों के लिए अध्येतावृत्तियों में बढ़ोतरी हुई थी, उसी समय यूजीसी से यह मांग की थी कि सभी अध्येतावृत्तियों में बढ़ोतरी की जाये। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, यह मांग करती है कि नॉन-नेट फेलोशिप की राशि में बढ़ोतरी की जाये, एक लंबे समय से नॉन-नेट फेलोशिप की राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिसके कारण नॉट-नेट फेलोशिप पाने वाले शोधार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री



याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि शोधार्थियों की अध्येतावृत्तियों में बढ़ोतरी स्वागतयोग्य कदम है, भारतीय विश्वविद्यालयों में शोध क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाये जाने होंगे। विद्यार्थी परिषद यह आशा करती है कि शोध के दिशा में नवाचारों की के लिए सरकार विभिन्न कदम उठायेगी तथा शोधार्थियों के लिए विभिन्न संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# जेएमएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पारा शिक्षक, की नारेबाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के तत्वावधान में सहायक अध्यापकों ने (पारा शिक्षक) मंगलवार को रांची के हरमू स्थित जेएमएम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान पारा शिक्षकों ने जम कर नारेबाजी की। उनकी मांग है कि सीएम हेमंत सोरेन ने जो वेतनमान देने का वादा किया था, वह पूरा करें। जानकारी के अनुसार, पारा शिक्षक कार्यालय के अंदर धरना देनेवाले थे, लेकिन जब वे अंदर वार्ता के लिए गये तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद पारा शिक्षक कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गये। इससे पहले



पारा शिक्षक 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे थे।

### बिना इजाजत कार्यालय में जाना उचित नहीं: विनोद पांडेय

इस मामले में जेएमएम नेता और समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे से बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। विनोद पांडे ने कहा कि अगर बिना इजाजत किसी के कार्यालय में कोई समूह में जाता है तो पुलिस बाहर जाने के लिए कहेगी ही। पांच पारा शिक्षकों को वार्ता के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आये। धरना देना कहीं से भी उचित नहीं है।

## रांची हिंसा मामला : सीआइडी के डीएसपी ने कोर्ट में आवेदन दिया था

# डेली मार्केट में दर्ज मामले में भी आरोपी बनाया गया नवाब चिश्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हिंसा के दौरान डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाये गये नवाब चिश्ती के खिलाफ सीआइडी ने कई सबूत इकट्ठा किये हैं, जिसके आधार पर अब नवाब चिश्ती को रांची हिंसा से जुड़े उस केस में भी आरोपी बनाया गया है, जिसमें भीड़ द्वारा मंदिर में तोड़-फोड़ और पुलिस बल पर फायरिंग का केस दर्ज किया गया है। नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उसने रांची सिविल कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगायी थी,

**कांड संख्या 17/2022 में आरोपी बनाने का आग्रह किया गया था**

**हिंसा के दौरान डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी में पहले से ही आरोपी है**

लेकिन उसे बेल देने से निचली अदालत और हाइकोर्ट इंकार कर चुका है। सीआइडी के डीएसपी ने कोर्ट में आवेदन देकर उसे डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 में आरोपी बनाने का आग्रह किया था। जिसे कोर्ट ने



स्वीकार कर लिया है। सीआइडी के द्वारा कोर्ट में इस बात से जुड़े कई सबूत भी पेश किये गये, जिससे रांची हिंसा में उसकी संलिप्तता प्रतीत होती है।

### केस की जांच सीआइडी कर रही है

डेली मार्केट थाना में रांची हिंसा के बाद कांड संख्या 17/2022 दर्ज की गयी थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गयी प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआइडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि सोची समझी साजिश के तहत दस जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गयी। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़ फोड़ की गयी। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गयी और उन पर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गयी।

# ट्रक ने बिजली पोल में मारी जोरदार टक्कर

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ पर मंगलवार सुबह अनियंत्रित ट्रक ने लोहे के बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे का पोल बीच से दो टुकड़ों में बंट गया। साथ ही बिजली के तार सड़क पर गिर पड़े। ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर में ड्राइवर और खलासी दोनों जख्मी हुए हैं। जोरदार आवाज सुन कर स्थानीय लोग और बरियातू पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बरियातू पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए सबसे पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका और बिजली विभाग को फोन कर तुरंत लाइन कटवायी। अगर समय रहते बिजली नहीं कटवायी गयी होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जीइएल चर्च कॉम्प्लेक्स में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के जीइएल चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर में नियोजकों, कामगारों और आम जनों के साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय रांची, झारखंड एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजीव रंजन, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अभिषेक कुमार, सहायक निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ दिनेश कुमार राकेश, वरिष्ठ चिकित्सक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, अविनाश कृष्णन, श्रम अधीक्षक की उपस्थिति में नियोजकों एवं कामगारों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम की विभिन्न योजनाओं, हितलाभों सहित इएसआइसी में पंजीकरण एवं भुगतान से संबंधित मामलों की जानकारी दी गयी तथा कराबी योजना के हितलाभों से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की गयी। जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर में नियोजक की तरफ से रोशन लाल भाटिया, अध्यक्ष, प्रमोद सारस्वत, विजय शंकर, रंजीत छाबड़ा, राहुल भाटिया झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित थे। लगभग 50 बीमित व्यक्तियों/अन्य श्रमिकों ने शिविर में जानकारी प्राप्त की। नियोजकों और श्रमिकों ने इस प्रकार के शिविर की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर के आयोजन की मांग की गयी। विभाग द्वारा यह बताया गया कि अगला जागरूकता शिविर न्यूक्लियस मॉल में आगामी 10 अक्टूबर को लगाया जायेगा।

### मुकेश मित्तल की याचिका पर सुनवाई पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल की याचिका पर रांची इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। अब फैसले का इंतजार है। मुकेश मित्तल ने इडी कोर्ट में 205 की पीटीशन दायर की है। यह पीटीशन सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत पेशी से छूट देने की मांग के लिए दायर की जाती है। अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। मुकेश मित्तल पर आरोप है कि वह बीरेंद्र राम के कालेधन को विभिन्न खातों से सफेद बना कर बीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा करवाता था। इसके लिए मुकेश मित्तल अपने कर्मचारियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। वहीं बीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है।

### जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी

रांची (आजाद सिपाही)। धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है। साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना, राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझाया।

### मजदूर नेता श्रीकांत पासवान के निधन पर शोक



श्रीकांत । फाइल फोटो

रांची (आजाद सिपाही)। फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के मजदूर नेता व अमरावती महावीर मंडल के अध्यक्ष रहे श्रीकांत पासवान का 2 अक्टूबर का निधन हो गया। परिजनों और उनके समर्थकों में शोक की लहर है। सभी ने उनके द्वारा किये गये मजदूर हित में कार्य को याद किया एवं उन्हें श्रद्धांजली दी। कांग्रेस नेता शशि भूषण ने भी दी उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को हिम्मत दी। अमरावती महावीर मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष रहे युवा नेता प्रशांत गौरव ने श्रीकांत पासवान को श्रद्धांजलि हुए देते हुए कहा कि वह एक सच्चे अभिभावक थे एवं हमेशा धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे।

### पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर इडी कोर्ट में 13 अक्टूबर को होगी सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए बेनामी संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर रांची इडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने पंकज की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 13 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची इडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी।

### बीइएमएल लिमिटेड में गांधी जयंती मनायी गयी




रांची (आजाद सिपाही)। बीइएमएल लिमिटेड, (रक्षा मंत्रालय के अधीन, भारत सरकार का एक उपक्रम), कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर में आनंद खलखो (उप महाप्रबंधक) के नेतृत्व में विभिन्न विभाग के कर्मचारियों द्वारा गांधी जयंती मनायी गयी और राष्ट्रपिता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर अमित चक्रवर्ती, प्रवीण चंद्र, समृद्धि सोनल करकेट्टा, पशुपति साहू, अजय नाथ झा, विनोद पासवान, अशोक कुमार, संजय कुमार निराला, कुंतल कबिराज, कौशलेंद्र कुमार, रवि कुमार, बालेश्वर कुमार, सुरेंद्र कुमार एवं गुलजारी पासवान ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता शपथ ली और कार्यालय परिसर में स्वच्छता सेवा प्रदान की।

# झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल का उद्घाटन आज

**समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आइएम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले मौजूद रहेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** खेलो सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली स्टेडियम में झारखंड प्रीमियर लीग का शुभारंभ चार अक्टूबर को होगा। यह आयोजन सिल्ली के स्टेडियम में शुरू होगा। इस खेल समागम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस शानदार आयोजन में देश-विदेश के नामी-गिरामी फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। जबकि कई बड़े खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल का हिस्सा भी बनेंगे। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों पर सबकी नजर लगी हैं। हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को टिप्स भी देंगे। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आई एम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले विशेष तौर पर शामिल होंगे।

टूर्नामेंट में कुल आठ टीम हिस्सा ले रही है। इनमें रमेश स्पोर्टिंग, बाबा स्पोर्टिंग, स्टोनएक्स सेवन, तेलंगाना टाइटंस, बोकारो सुपरकिंग्स, सीऐजे टाटा, सिल्ली यूनाइटेड, एच एल एम स्पोर्टिंग शामिल हैं। इस टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय खिलाड़ियों को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका देना है।

# रांची की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सड़क पर निकले एसएसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुकानदारों से सड़क किनारे सामान नहीं रखने और पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी**

**रांची।** राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा खुद सड़कों पर निकले। मेन रोड में एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुर्माना के साथ-साथ सामान भी जब्त किये गये। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। अभियान के दौरान सिटी एसपी के साथ-साथ शहर के थानेदार और डीएसपी मौजूद रहे।

**एसएसपी ने सभी थानेदारों को दिये निर्देश:** ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और सड़क किनारे पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। कहा गया है कि चेतावनी के बाद भी दुकान के आगे सड़क किनारे पार्किंग और सामान रखते हैं, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# रांची में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर, मूर्तियों को मूर्त रूप देने में जुटे कारीगर

**सप्तमी को आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से सप्तमी को आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना की जायेगी। यह आराधना बनारस के विद्वान पंडितों की ओर से की जायेगी। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि कई महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी, जबकि पंडाल के अंदर की सज्जा हस्त निर्मित कमल फूल की आकृति से की जायेगी, जबकि बाहर मुख्य द्वार पर मां के नेत्र की आकृति लगायी जायेगी। सनातन धर्म और हिंदुत्व का बोध भक्तों को कराया जायेगा। मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगर बनाते हैं। इसमें मां दुर्गा अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाली हुई है। रमेश सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी। पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकारों के जरिये दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से होगी। साथ ही भारत माता की थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही षष्ठी के दिन प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह अपने गानों से श्रद्धालुओं को झुमायेंगे। दुर्गोत्सव में लगभग 30 लाख रुपये खर्च का अनुमान लगाया गया है।

# चेशायर होम रोड खरीद बिक्री मामले में राजेश राय की जमानत अर्जी खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने मामले में जेल में बंद राजेश राय की जमानत अर्जी पर ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने राजेश राय की जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था।

# कुमुद रंजन ने मुख्य सचिव से ब्रजेश कुमार को पद से हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव कुमुद रंजन ने एनएसएस कोऑर्डिनेटर ब्रजेश कुमार उसके पद हटाने की मांग के समर्थन में मुख्य सचिव झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। मंगलवार को लिखे अपने पत्र में लिखा है कि एनएसएस कोऑर्डिनेटर ब्रजेश कुमार के द्वारा आर्यभट्ट सभागार से मुख्यमंत्री की तस्वीर हटायी गयी है। आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी हुई थी। गांधी जयंती के कार्यक्रम को लेकर ब्रजेश कुमार ने एनएसएस के बच्चों को मुख्यमंत्री की तस्वीर हटाने का आदेश दिया। एक बार नहीं, दो बार भी जब बच्चों ने तस्वीर नहीं हटायी तो तीसरी बार ब्रजेश कुमार ने बच्चों को डांटकर मुख्यमंत्री की तस्वीर हटाने का आदेश दिया, तब एनएसएस बच्चों ने भयभीत होकर मुख्यमंत्री का फोटो हटाया। जबकि उस मौके पर कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने ऐसा करने के लिए मना भी किया था। राजभवन के एक अधिकारी के इशारे पर बृजेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री की तस्वीर हटायी है। ब्रजेश कुमार मन से, कर्म से एवं स्वभाव से संघी विचारधारा के हैं। एनएसएस के माध्यम से कोर्डिनेटर पूरे महाविद्यालय और विश्वविद्यालय परिसर में सिर्फ संघ का प्रचार प्रसार ही नहीं करते हैं बल्कि बच्चों के अंदर सांप्रदायिकता का जहर भी घोलने का काम कर रहे हैं। पत्र में आग्रह किया है कि बिना देर किए हुए ब्रजेश कुमार के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से निलंबित किया जाये।

# 70वां सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा, तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 70वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 70वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के सदस्य अमित सरावगी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के अमित सरावगी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

**शनिवार को श्री श्याम भंडारा**

**7 अक्टूबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 82 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया जायेगा।**

# प्रेमी ने प्रेमिका सहित तीन लोगों को मारा चाकू

## प्रेमिका की मौत, दो भाई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में प्रेम-प्रसंग में प्रेमी ने प्रेमिका समेत उसके परिवार के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना को सोमवार देर रात उस वक्त अंजाम दिया गया, जब प्रेमिका अपने दो छोटे भाई के साथ सो रही थी। इस हमले में इंदू कुमारी उर्फ बुधिया नामक युवती की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि इंदू के दोनों भाई ललन और पवन घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से दोनों को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर भेज दिया गया। ललन की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार युवती पर पड़ोसी बासुदेव यादव शादी का दबाब दे रहा था। दो दिन पहले भी दोनों के बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद सोमवार की रात आरोपी बासुदेव ने युवती के घर में घुस कर इंदू पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव में जब इंदू के दोनों भाई पहुंचे, तो उन पर भी हमला किया गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने बताया कि प्रेमी द्वारा चाकू मारने की बात सामने आयी है। मृतिका के दोनों भाई का बयान दर्ज किया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गयी है।

# हाजी साहब का संपूर्ण जीवन आमजनों के लिए समर्पित था: मोख्तार अहमद

**पूर्व मंत्री हाजी हुसैन अंसारी की पुण्यतिथि पर मरीजों के बीच फल वितरण**



हाजी हुसैन अंसारी। फाइल फोटो

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाजी हुसैन अंसारी की तीसरी पुण्यतिथि पर मंगलवार को झारखंड प्रदेश पसमांदा मुस्लिम महाज के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण कर मरहूम हाजी हुसैन अंसारी को खिराज ए अकीदत पेश किया गया। साथ ही मरहूम के इसाले सवाब के लिए सामूहिक दुआ मांगी गयी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्व हाजी हुसैन अंसारी आज हम सभी के बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श और विचार सदैव हमारे दिलों में रहेंगे। हाजी हुसैन अंसारी का संपूर्ण जीवन आमजनों के लिए समर्पित था।

महाज के मुख्य संयोजक नौशाद आलम अंसारी ने कहा कि मरहूम हाजी हुसैन अंसारी सरल, सर्वसुलभ और दृढ़ विश्वास वाले जन नेता थे। उनकी सोच राज्य के गरीब, आदिवासी, दलित एवं पिछड़े सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए रही। उनकी कमी तो पूरी नहीं की जा सकती, लेकिन उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर मजबूत, खुशहाल एवं विकसित झारखंड की परिकल्पना को पूरा जरूर किया जा सकता है। मौके पर अतीकुर्रहमान रहमान, इमरान हसन, हाजी मिन्हाजुद्दीन, राशिद जमील, लतीफ आलम, मोहम्मद शकील, साजिद उमर, सरताब आलम, जावेद अख्तर, नसीमुल हक सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगरनार स्टील प्लांट के लोकार्पण समेत 27000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

# कांग्रेस नगरनार स्टील प्लांट को हड़पकर तिजोरी भरना चाहती है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अगर कुछ दिया है, तो वह है झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग आमसभा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जगदलपुर।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आमसभा में शामिल हुए। आपको बता दें कि आमसभा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरनार स्टील प्लांट के लोकार्पण के साथ 27000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र की भाजपा सरकार लगातार काम कर रही है, साथ ही उन्होंने महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण से लेकर आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठने पर गर्व किया।

आमसभा को संबोधित करते हुए नगरनार स्टील प्लांट को लेकर उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए डॉ. रमन सिंह हमेशा दिल्ली में इस कारखाने के लिए आवाज उठाते रहे। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह मांग इसलिए नहीं मानी क्योंकि इसके पीछे कांग्रेस के कमीशन और करप्शन की सोच पड़ी थी। कांग्रेस इस स्टील प्लांट को हड़पकर कांग्रेसी नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों की तिजोरी भरना चाहती है लेकिन मोदी यह होने नहीं देगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बस्तर में 27000 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ, लेकिन प्रदेश सरकार का एक भी मंत्री, उपमुख्यमंत्री या मुख्यमंत्री कोई भी नहीं आया। अगर ये लोग बस्तर का विकास चाहते तो कार्यक्रम में आते। लेकिन इनके कारनामों की गूंज पूरे देश में है और ये लोग अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। छत्तीगढ़ में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है। कभी-कभी तो लगता है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बीच स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती है। कहां सबसे ज्यादा लूट होती है, कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो दुर्दशा की है उससे हर कोई त्रस्त है, आज छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टर और बैनरों में दिखता है या फिर कांग्रेसी नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अगर कुछ दिया है, तो वह है झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार। आगे उन्होंने राज्य शासन की ओर से किसी भी मंत्री के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता है। साथ ही पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेसी कुशासन की सरकार हटाकर भाजपा की सरकार बनाने की अपील की और नारा लगाते हुए कहा कि अउ नई सहिबो, बदल के रहिबो।

**खोया-पाया**

मैं बशिष्ठ कुमार सिंह, आधार कार्ड नं. 8661 9275 8053, पिता-रघुनंदन सिंह, ग्राम+पोस्ट-डंडाडीह, थाना- जयनगर, जिला- कोडरमा, वर्तमान पता मिटको कॉलोनी, भंडरवा, पोस्ट करमा, थाना व जिला-कोडरमा का निवासी हूं। दिनांक 20.09 2023 को कोडरमा बाजार में फोटो स्टेट कराने के दौरान मेरा खाता नं. 16, प्लॉट नं. 256, रकवा 4 डीसमिल एवं खाता नं. 17, प्लॉट नं. 258, रकवा 8 डिसमिल के जमीन का केवाला गुम हो गया, जो काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मिला। इस संबंध में मेरे द्वारा कोडरमा थाना में एक सनहा एसडीई नं. 10/23 दिनांक 26.09.23 दर्ज कराया गया है।

## मालदीव से मेसेज

मालदीव के चुनाव नतीजे इस मायने में जरूर भारत के लिए निराशाजनक कहे जा सकते हैं कि विजेता के रूप में उभरे नेता मोहम्मद मुइज्जू खुले तौर पर भारत विरोधी अजेंडा चलाते रहे हैं। मुइज्जू को पूर्व राष्ट्रपति यामीन का समर्थन हासिल है जो अपनी भारत विरोधी और चीन समर्थक नीतियों के लिए जाने जाते रहे हैं। इस लिहाज से यह लगभग तय है कि मुइज्जू की अगुआई वाली सरकार के कार्यकाल में सामरिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप राष्ट्र में भारत को वैसी प्राथमिकता नहीं मिलेगी जैसी सबसे करीबी और महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के नाते उसे मिलनी चाहिए। मगर फिर भी यह मान लेना उचित नहीं होगा कि यहां से भारत का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इसके पीछे कई ठोस वजहें हैं। पहली बात तो यह कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सरकारों के हेर-फेर से हितों के समीकरण रातों-रात पूरी तरह बदल नहीं जाते। ये समीकरण जिन हालात पर निर्भर करते हैं वे तुरंत नहीं बदलते और ये कभी-कभी सरकारों को भी अपना रुख बदलने के लिए मजबूर कर देते हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण श्रीलंका है जहां अपने पिछले कार्यकाल में चीन का पिछलग्गू माने जाने वाले महिंदा राजपक्षे की सत्ता में वापसी भी भारत और श्रीलंका के द्विपक्षीय रिश्तों पर कोई खास असर नहीं डाल सकी। आर्थिक संकट ने जहां कुछ समय में राजपक्षे को सत्ता से बाहर कर दिया वहीं भारत को 4 अरब डॉलर की आपात सहायता की बदौलत शुभचिंतक पड़ोसी की अपनी भूमिका मजबूत करने का मौका दे दिया। दूसरी बात, अगर चीन पिछले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के पूरे कार्यकाल के दौरान मालदीव में अपने पांव जमाए रख सका तो कोई कारण नहीं कि भारत ऐसा नहीं कर सकेगा। चाहे 50 करोड़ डॉलर की लागत वाले ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रॉजेक्ट की बात हो या 38 अन्य कम्युनिटी डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट्स की, ये वहां के ट्रांसपोर्ट ही नहीं, लोकल इकॉनमी का भी स्वरूप बदलने वाले हैं। कोई भी सरकार इन प्रॉजेक्ट्स की राह में अड़ंगा डालकर अपने लोगों का गुस्सा मोल नहीं लेना चाहेगी। तीसरी बात यह कि मुइज्जू को मिले पूर्व राष्ट्रपति यामीन के समर्थन के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े हैं। इसके पीछे यह समझ है कि सत्ता में आते ही मुइज्जू यामीन की रिहाई का बंदोबस्त करेंगे। यामीन ने चुनाव में मुइज्जू का समर्थन भी इसलिए किया क्योंकि वह खुद नहीं लड़ सकते थे और चुनाव के बहिष्कार की उनकी अपील सफल होती नहीं दिख रही थी। अब चुनाव हो चुके हैं और शुरुआती संकेत बताते हैं कि मुइज्जू अपने कार्यकाल में चीन का समर्थन करते हुए उस हद तक आगे नहीं बढ़ेंगे जहां तक यामीन चले गए थे। आखिर भौगोलिक स्थिति का अपना महत्व है और भारत आज भी मालदीव का सबसे करीब का विशाल पड़ोसी देश है। डिप्लोमेसी सही ढंग से अपना काम करे तो इन कारकों की अहमियत आज नहीं तो कल स्थापित हो ही जाएगी।

**मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू का भारत विरोधी रुख सर्वविदित है। इस चुनाव को एक जनमत संग्रह के तौर पर देखा जा रहा था कि देश में भारत या फिर चीन में से किस क्षेत्रीय शक्ति का अधिक प्रभाव रहेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जो लोग इस बात की गलतफहमी पाले बैठे हैं कि जाति आधारित गणना के चलते अगले लोकसभा चुनावों के लिए माहौल पूरी तरह भाजपा के खिलाफ हो जायेगा, उन्हें यह समझना होगा कि देश का कोई एक भाग भले जाति आधारित राजनीति के कुचक्र से अब तक बाहर नहीं निकला हो लेकिन बाकी देश विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ रहा है और चुनाव में मतदान देशहित से जुड़े मुद्दों को देखते हुए ही करेगा।**

## क्या सचमुच जाति आधारित गणना कराना नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक है?



नीरज कुमार दुबे



**आज जब देश तरक्की के रास्ते पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। दुनिया भर में मंदी के माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा चुके हैं, ऐसे में विकास की बात ना कर जाति को महत्व देना गलत है। जरा दुनियाभर में नजर उठा कर देखिये किस विकसित देश ने आगे बढ़ने के लिए जाति या धर्म को महत्व दिया है?**

बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जाति आधारित गणना करवा कर उसके आंकड़े जारी कर दिये हैं। बिहार सरकार के इस कदम को बहुत बड़ा मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है और दावा किया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जो लोग नीतीश कुमार सरकार के इस कदम को मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं उन्हें समझना होगा कि यह मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार को पिछड़ेपन से आजादी मिल जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में स्कूलों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में अस्पतालों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में गुंडाराज और माफिया राज का खात्मा हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में पेपर लीक होना बंद हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में बेरोजगारी समाप्त हो जाती और पलायन रुक जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतें बंद हो जातीं, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में सड़कों की हालत सुधर जाती। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में उद्योग-धंधे लग जाते, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में नौकरी की मांग पर पुलिस लाठीचार्ज होना बंद हो जाता। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार भी जीएसटी संग्रहण में कुछ योगदान कर पाता। इसलिए नीतीश कुमार का यह फैसला मास्टर स्ट्रोक नहीं बिहार को पीछे धकेलने का प्रयास है।

**बहरहाल, मोदी सरकार का यह संकल्प स्वागत योग्य है कि वह जातीय जनगणना नहीं करवाएगी।**

यह बात सही है कि सरकार के पास जनसंख्या संबंधी विस्तृत आंकड़े होंगे तो विकास योजनाएं बनाने में आसानी होगी लेकिन जब जाति जनगणना के आंकड़े जल्द ही होने वाली राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना से भी हासिल किये जा सकते हैं तो राज्यों को अपनी मशीनरी का इस्तेमाल जाति आधारित राजनीति के लिए करने से बचना चाहिए। हम आपको बता दें कि बिहार मंत्रिमंडल ने पिछले साल दो जून को जाति आधारित गणना कराने की मंजूरी देने के साथ इसके लिए 500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। जरा सोचिये, यदि यह राशि विकास कार्यों में लगाई गयी होती तो राज्य के लोगों को इसका कितना लाभ मिलता। जरूरत इस बात की थी कि नीतीश कुमार अपने लंबे कार्यकाल में किये गये कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी कर अपनी उपलब्धियां बताते लेकिन उन्होंने जाति आधारित गणना करवा कर चर्चा को दूसरी ओर मोड़ने का प्रयास किया है।

बिहार सरकार में शामिल नेता अब हुंकार भर रहे हैं कि वह राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए माहौल बनाएंगे। कुछ लोग इसे मंडल पार्ट-2 कह रहे हैं। ऐसे नेताओं को याद रखना चाहिए कि मंडल भाग-1 के दौरान कुछ लोगों द्वारा जिस तरह की राजनीति की गयी थी उससे समाज को बहुत नुकसान हुआ था और देश में अशांति फैली थी इसलिए बिहार सरकार ने जो कुछ किया उसे मंडल पार्ट-2 की संज्ञा देकर माहौल को बिगाड़ा नहीं जाना चाहिए। आज जब देश तरक्की के रास्ते पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। दुनिया भर में मंदी के माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा चुके हैं, ऐसे में विकास की बात ना कर जाति को महत्व देना गलत है। जरा दुनियाभर में नजर उठा कर देखिये किस विकसित देश ने आगे बढ़ने के लिए जाति या धर्म को महत्व दिया है?

हम आपको यह भी याद दिला दें कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने राज्य में जाति आधारित गणना का आदेश पिछले साल तब दिया था, जब केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह आम जनगणना के हिस्से के रूप में एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों की गिनती नहीं कर पाएगी। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह कहना पूर्णतया तर्कसंगत था कि जनगणना करते समय अन्य पिछड़ी जातियों की गणना नहीं की जाएगी। जहां तक पिछड़ों की गणना का सवाल है, पहली बात तो यह है कि अक्सर हर जाति के लोग अपने आप को पिछड़ा बताने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलेगा। उसका नतीजा यह होता है कि किसी प्रदेश के एक जिले में जो जाति सवर्ण है, वहीं दूसरे प्रदेश के अन्य जिले में पिछड़ी है।

देश में आखिरी बार सभी जातियों की गणना 1931 में की गई थी। 1931 की जनगणना में जातियों की संख्या पूरे भारत में 4147 थी लेकिन 2011 की जनगणना में उनकी संख्या छलांग मारकर 46 लाख तक पहुंच गई। देखा जाये तो किसी भी व्यक्ति की जाति को निर्धारित करने का कोई निश्चित वैज्ञानिक पैमाना नहीं है। वह जो कह दे, वही सही है। सच्चाई तो यह है कि पिछड़ा, पिछड़ा होता है। उसकी कोई जाति नहीं होती। हर जाति में पिछड़े हैं और हर जाति में अगड़े हैं। इसीलिए जनगणना करने वाले बाबू लोग कभी-कभी बड़े विभ्रम में पड़ जाते हैं। वे देखते हैं कि गांवों के बड़े-बड़े जमींदार, जिनके बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं, वह अपनी जाति के आधार पर अपने को पिछड़ों में शामिल करवा लेते हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि सरकार ने 2011 में पिछड़ेपन का सर्वेक्षण करवाया था। उसमें जाति संबंधी जानकारी भी मांगी गयी थी लेकिन 2010-11 में चले 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' आंदोलन ने इतना तगड़ा दबाव बनाया कि सरकार ने उन आंकड़ों को जारी ही नहीं किया था।

बहरहाल, मोदी सरकार का यह संकल्प स्वागत योग्य है कि वह जातीय जनगणना नहीं करवाएगी। वैसे भी जाति जनगणना पिछड़ों के भले के लिए नहीं नेताओं ने अपने भले के लिए कराई है ताकि हिंदू समाज को बांट कर अपने राजनीतिक हितों को साधा जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो इस मुद्दे पर विपक्ष पर हमला यह कहते हुए बोल ही दिया है कि कांग्रेस ने गरीबों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है और छह दशकों तक देश को जाति के आधार पर विभाजित किया है और यह 'पाप' वह अब भी कर रही है। जो लोग इस बात की गलतफहमी पाले बैठे हैं कि जाति आधारित गणना के चलते अगले लोकसभा चुनावों के लिए माहौल पूरी तरह भाजपा के खिलाफ हो जायेगा, उन्हें यह समझना होगा कि देश का कोई एक भाग भले जाति आधारित राजनीति के कुचक्र से अब तक बाहर नहीं निकला हो लेकिन बाकी देश विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ रहा है और चुनाव में मतदान देशहित से जुड़े मुद्दों को देखते हुए ही करेगा।

# जमशेदपुर की खबरें

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शहर में डेंगू के मामलों को लेकर की समीक्षा बैठक

## सभी अस्पतालों में ब्लड कैंप लगाने का दिया निर्देश

**जिला प्रशासन को टीएमएच से समन्वय स्थापित कर गरीब डेंगू मरीजों के इलाज के लिए 50% बिल माफ करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



डीसी, डीडीसी, एसडीओ सहित सभी विभागीय पदाधिकारी हुए शामिल

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर सहित पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू के प्रकोप तेजी से फेल रही है। रोकथाम के लिए जिला प्रशासन लोगो को जागरूक करने व सघन अभियान चलाकर एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग,लार्वा जांच कर रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री,डीडीसी मनीष कुमार, एसडीओ पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी सहित निजी अस्पतालों के प्रबंधक व अन्य के साथ बैठक कर मामलों की समीक्षा की। मौके पर जिला प्रशासन ने डेंगू जैसी बीमारी के रोकथाम के लिए किये जारहे कार्य की विस्तार से जानकारी दी गयी। क्या-क्या एहतियाती कदम उठाये जा रहे, अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या व उपचार की स्थिति, उपलब्ध चिकित्सीय संसाधन व मानव बल, जिले के कौन से क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हैं, स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। डेंगू प्रभावित क्षेत्र में मानगो, बारीडीह, गोलमुरी, बागबेड़ा, गोड़ा, बिरसानगर, बिष्टुपुर, कदमा, साकची, सोनारी, टेल्को, जुगसलाई व चाकुलिया नगर पंचायत ज्यादा प्रभावित रहे हैं। हालांकि बीते 10 दिनों में मानगो क्षेत्र में डेगू पॉजिटिव की संख्या में काफी कमी आई है। शहरी क्षेत्र के प्रभावित क्षेत्र में डेंगू पॉजिटिव का मामला कम है। जिन घरों में डेंगू पॉजिटिव हैं उनके आसपास के घरों में भी सघन अभियान चलाकर एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, लार्वा का जांच के कार्य जारी है। बैठक में मंत्री ने विभाग के द्वारा बच्चों के इलाज के लिए एनआईसीयु में बेड का इंतजाम, ओआरएस समेत अन्य दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिये। साथ ही ब्लड बैंक में उपलब्ध खून व प्लेटलेट्स की उपलब्धता की जानकारी ली गयी। सभी अस्पतालों में ब्लड कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया। मरीजों का डेंगू जांच के दर में मॉनिटरिंग करने, जिला प्रशासन को टीएमएच से समन्वय स्थापित कर गरीब डेंगू मरीजों के इलाज के लिए 50% बिल माफ करने, डिस्चार्ज के बाद भी मरीजों की बीमारी का रिकॉर्ड मॉनिटरिंग किये जाने, सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने व सभी नगर निकायों को युद्धस्तर पर साफ-सफाई, फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किए जाने का निदेश दिये। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने जिले वासियों से डेंगू का प्रकोप कम करने के लिए जागरूक होकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन के दिशा-निर्देश का अनुपालन करने के लिए आग्रह किया। बैठक में एमजीएम अधीक्षक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, नगर निकायों के पदाधिकारी, कई निजी अस्पतालों के प्रबंधक, जुस्को के प्रतिनिधि व अन्य शामिल रहे।

### जनता दरवार में जिले के कई क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों लोग

## योजना संबंधित आवेदन का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही सवांददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के सप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जन शिकायतों के निवारण के लिए कई क्षेत्र से दर्जनों लोग डीसी रवि शंकर शुक्ला से क्रमवार मुलाकात की। मंगलवार को जनता दरवार में डीसी ने योजना संबंधित आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। वही अन्य आवेदनों पर नियम अनुसार कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर भूमि संबंधित मामले, चरित्र प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, तामोलिया-परडीह चौक समीप जर्जर पुल का पुनः निर्माण, गम्हरिया टेंटोपोशी पंचायत में राशन डीलर का अनियमितता, चांडिल भाडूडीह में राशन डीलर दो माह का हस्ताक्षर और एक माह का राशन वितरण का मामला, श्रीनाथ विश्वविद्यालय में बीएड के छात्र- छात्राओं को 2020-21 की कल्याण छात्रवृति के लंबित भुगतान,चांडिल के झबरी व आदित्यपुर वार्ड संख्या 04 में आंगनवाड़ी सेविका चयन में अनियमितता सहित अन्य आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर खरसावां विधायक दशरथ गागराई के द्वारा आकर्षिनी मंदिर में लगे हाईमास्क लाइट की मरमती व खरसावां के कैंसर मरीज को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्रदान के लिए करने के लिए डीसी को अवगत कराया गया। डीसी नें संज्ञान में आते ही जांच के बाद यथाशीघ्र हाईमास्क लाइट की मरमत्ती व सिविल सर्जन को कैंसर मरीज को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिये। मौके पर डीसी के साथ सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय उपस्थित रहें।

## सामाजिक सेवा संघ ने कंपनी प्रबंधन से डेंगू से बचाव के लिए मेडिकल कैंप व फॉगिंग कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ गया है। बीते दिनों गोविंदपुर में डेंगू के चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की मौत के बाद सामाजिक सेवा संघ व झामुमो नेताओ ने संज्ञान में आते ही पहल शुरू कर दी। मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल स्थानीय ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए डेंगू की बीमारी के रोकथाम के लिए गोबिंदपुर के स्टील स्टीप्स एन्ड विल्स कंपनी के एचआर से मुलाकात की। मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने कंपनी से सटे गोबिंदपुर, गदरा व अन्य क्षेत्र में डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग कराने व मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों का जांच कराने की मांग की। संस्था के अध्यक्ष सह झामुमो के सक्रिय नेता राजेश सामंत ने बताया डेंगू से बचाव के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बीते दिनों डेंगू के चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की मौत के बाद से ही परिवार के लोग व ग्रामीण काफी डरे सहमे है। अभी तक कंपनी से सटे गांव में चार की मौत हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र की परेशानी को देखते हुए डेंगू के बीमारी से बचाव के लिए स्टील स्टीप्स एन्ड विल्स कंपनी के एचआर से मुलाकात कर फॉगिंग कराने व मेडिकल कैंप लगाने की मांग की गयी। उन्होंने ने प्रतिनिधि मंडल को जल्द क्षेत्र में फॉगिंग कराने व मेडिकल कैंप लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह जेएमएम नेता राजेश सामंत, मुखिया शिवलाल लोहार,झामुमो जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष जकता सोरेन, भूपती सरदार, जय किशन, जलेसर शाह, विवेक गुप्ता, अमित दास राजेश मुंडा, छोटे सरदार, अनूप कुमार, दिनेश गिरी, अमित पाण्डेय, दिनेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### सोनारी आत्मीय वैभव विकास केंद्र पहुचे स्वामी निर्विशेषानंद तीर्थ जी

## साधना शिविर के साथ कई कार्यक्रमों का होगा संचालन

आजाद सिपाह संवाददाता

**स्कूल के बच्चों को किया पुरस्कृत**



**जमशेदपुर।** शहर के सोनारी स्थित आत्मीय वैभव विकास केंद्र में पूज्य स्वामी भूमानन्द तीर्थ के सन्यासी शिष्य स्वामी निर्विशेषानन्द तीर्थ का आगमन हुआ। मौके पर सैकड़ो शिष्य स्वामी जी आगमन पर शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्थानीय केन्द्र में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गुलमोहर स्कूल की अदिति कुमारी व श्रेया सिंह प्रथम, राजस्थान मैत्री संघ के अभिषेक तिवारी व अरण्या कुमारी द्वितीय और यूनिका सुरी व सपना कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। वही जूनियर वर्ग में अदिति कुमारी व पियाली भकत प्रथम, श्रेय शर्मा व सर्वग्य कौशिक द्वितीय और ऋषभ सिंह व अधिराज सिंह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में हितेश व सावन प्रथम, आदर्श वर्मा व शौर्या द्वितीय और राज वर्मा व प्रतिज्ञा पाण्डेय ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अजय सेठ व लक्ष्मी प्रथम, सागर नायक व मंगेश सेठ द्वितीय और लक्खी व आराध्या तथा प्रियांशु कुमारी व काजल कुमारी की जोड़ी ने संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। चित्रांकन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्रियांशु कुमार प्रथम, विहार के ब्रिजेश मुखी द्वितीय व दिशिता कुमारी ने तृतीय पुरस्कार जीता। जूनियर वर्ग में जुस्को स्कूल की आकांख्या कारक प्रथम, नेताजी सुभाष की प्रियंका रॉय द्वितीय और डी ए वी कन्या उच्च विद्यालय की संतोषी सिंह सरदार ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दोनों वर्गों में 6 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गये। बच्चों को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा आत्मविश्वास हमारी आंतरिक शक्ति है। हमारे वैज्ञानिकों का आत्मविश्वास ही है जिसके कारण आज हमने अपना चन्द्रयान सफलतापूर्वक भेजा है। इनमें मुख्य रूप से प्रतिदिन सुबह 10 से 11.30 बजे (8 से 14 अक्टूबर) तक साधना चतुषट्य एवं संध्या 7 से 8.15 बजे भगवद्गीता पर प्रवचन देंगे। इसके अतिरिक्त स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दो एकदिवसीय शिविर और कॉलेज विद्यार्थियों का एक सत्र का भी आयोजन किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरके पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक घंटे का चलाया स्वच्छता अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक घंटे का स्वच्छता अभियान स्कूल के बच्चों के द्वारा चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित गढ़वा जिला के जाने वाले शिक्षाविद् सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी स्वच्छता कार्यक्रम का आह्वान किया है, यह अभियान एक घंटा, एक साथ विशेष रूप से स्वच्छता गतिविधियों के लिए समर्पित महत्वपूर्ण अभियान है। गांधी जयंती पर पूरे देश में आयोजित हो रहे स्वच्छता अभियान पर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रण लेने और कूड़े को कहीं पर भी न फेंक कर मोदी जी के 'कचरा मुक्त भारत' के सपने को साकार करने के लिए अपील की। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुमन कुमार ने सफाई अभियान में शामिल सभी छात्र-छात्राओं से अपने जीवन में छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी हर चीज का सदुपयोग करने के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए हरिहरपुर पंचायत के मुखिया ने किया पौधरोपण



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह उर्फ निजू सिंह के द्वारा पंचायत में पौधरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। इसी कड़ी में पंचायत के कई सार्वजनिक स्थानों पर पौधा लगाया जा रहा है। मंगलवार को हरिहरपुर पंचायत के रपुरा श्मशान घाट पर पंचायत के मुखिया निजू सिंह व सुशील सिंह ने पीपल का वृक्ष लगाया। इस संबंध में मुखिया ने कहा कि पौधरोपण करना बड़ी बात नहीं है। यदि पौधा लगाने के बाद हम पौधे की देखरेख कर के उसे बचा लें और पौधा से एक बड़ा वृक्ष हो जाये तो हमारा प्रयास सफल होगा। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट पर पीपल का वृक्ष इस वजह से लगाया गया है ताकि अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों को छाया मिल सके। आज यह एक छोटा पौधा जरूर है परंतु जब यह एक विशाल वृक्ष तैयार होगा तो कई लोग इसकी छाया में सुकून लेंगे।

### पिपरिकला की मुखिया की गयीं सम्मानित



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिपरिकला पंचायत की मुखिया सुशीला देवी को जिला कार्यालय के सभागार में गांधी जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विशुनपुरा प्रखंड से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पिपरिकला पंचायत के मुखिया के द्वारा अपने पंचायत में स्वस्थ भारत मिशन अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तहत किए गय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य के लिए गढ़वा जिला से 9 मुखिया का चयन कर जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया।

### मां जगदंबे नवयुवक संघ को मंत्री मिथिलेश की ओर से एक लाख रुपये का दिया गया सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ग्राम सलेया मां जगदंबे नवयुवक संघ के द्वारा बनाए जा रहे दुर्गा मंडप के निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से सोमवार को झामुमो प्रतिनिधि मंडल रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता एवं खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका प्रखंड युवा सचिव पप्पू यादव के हाथों दुर्गा मंडप निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार चंद्रवंशी को एक लाख रुपए प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि हर क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सभी तरह के धार्मिक कार्य चाहे मंदिर निर्माण हो, मस्जिद निर्माण हो या सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप किसी भी प्रकार का सहयोग हो सबमें मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से भरपूर सहयोग किया जाता रहा है। इस अवसर पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला बीस सूत्री सदस्य पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, रंका बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, खरडीहा पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, विकास यादव, झामुमो नेता शत्रुघ्न चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू, मुकेश मिश्रा, घनश्याम ठाकुर, चंदन ठाकुर, राजकिशोर राम, शिव कुमार रवि, मां जगदंबे नवयुवक संघ के सचिव अंकित कुमार, उपाध्यक्ष सोनू तिवारी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, नेपाल मेहता, बीडीसी नौशाद अंसारी, आलोक पांडेय, विनोद राम चंद्रवंशी सहित दर्जनों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : उपायुक्त ने कांडी प्रखंड के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, कहा

# बाढ़ से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाया जायेगा

**बीडीओ को बाढ़ प्रभावित इलाका के किसानों की सूची अविलंब तैयार करने के दिये निर्देश**

**वर्षा से प्रभावित बेघर हुए लोगों को चिन्हित कर तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को कांडी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाका नारायणपुर, सोनपुरा के अतिरिक्त अन्य कई गांवों का दौरा कर किसानों द्वारा लगाए गए हजारों एकड़ में धान एवं अन्य फसलों का पंडी नदी की बाढ़ से हुए नुकसान का स्थल पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि बाढ़ से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगा। जिसके लिए कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित इलाका के किसानों की सूची तैयार कर अविलंब रिपोर्ट दें। ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। वर्षा से कई गांव में किसानों के खपरैल मकान जर्जर होकर ध्वस्त हो चुके हैं। कई लोग बेघर हो गए हैं। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही बेघर लोगों की जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किसानों ने उपायुक्त से कहा कि नारायणपुर गांव में पुल निर्माण से पूर्व डायवर्सन का निर्माण कराया गया था। पुल निर्माण के पश्चात उक्त डायवर्शन को नहीं हटाने के कारण आज हजारों एकड़ किसानों की धान की फसल डूब गई। इस संबंध में पुल निर्माण के संवेदक अमृत शुक्ला ने बताया कि अपने निजी खर्चे से डायवर्शन को तोड़कर पानी की निकासी की जा रही है, ताकि किसानों के धान की फसल को बचाया जा सके।

विदित हो कि सोमवार की सुबह पंडी नदी में बाढ़ के पानी से दर्जनों गांव के किसानों द्वारा सैकड़ों एकड़ में लगायी गयी फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो गयी है। क्षेत्र के किसान लगातार तीन वर्षों से हो रही अकाल सुखाड़ जैसी समस्या से जूझ रहे हैं।

मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीआई जगरनाथ मांझी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, कांडी प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडे उर्फ पिंकू पांडे, बलियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, अरुण दुबे सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा के दौरान जनसभा ऐतिहासिक होगी : रितेश चौबे

**भाजयुमो मेराल दक्षिणी मंडल की बैठक में 5 अक्टूबर को बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत का निर्णय**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो मेराल दक्षिणी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष ज्ञान रंजन चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 5 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में सभी पंचायतों से युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन की ओर से भाजयुमो कार्यकर्ताओं को स्वागत बाईक यात्रा की जिम्मेवारी मिली है। इसको लेकर पूरे गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र व बूथ स्तर से निकल कर हजारों भाजयुमो कार्यकर्ता लगमा ब्रह्म स्थान के पास पहुंचकर भव्य स्वागत करेंगे। इस दौरान लगमा से बाईक रैली के साथ चेतना कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के दौरान चेतना में ऐतिहासिक जनसभा कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि जनविरोधी झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक गढ़वा सहित पूरे झारखंड को बर्बाद कर रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है। युवा विरोधी झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवाओं को संकल्प यात्रा में शामिल होकर ऐसी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित होना होगा। भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य सह मेराल प्रभारी डॉ लालमोहन ने कहा कि मेराल उत्तरी दक्षिणी दोनों मंडल से पांच सौ कार्यकर्ता बाईक से स्वागत के लिए निकलेंगे। इसके लिए बूथ से लेकर मंडल स्तर तक तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के आगमन पर आम जनमानस एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, देवकांत ओझा, अशोक शर्मा, अशर्फी चौधरी, शंभू चौधरी, श्रीकांत चंद्रवंशी, अशोक चौधरी, अरुण कुमार शाह, संतोष कुमार चौधरी, राजेंद्र चौधरी, शेषमणि तिवारी, प्रकाश चंद, शंभू चौधरी, आकाश कुमार, श्यामलाल ठाकुर, अवधेश पाल, अतुल कुमार पांडे, अभिषेक कौशल, जीत नारायण पाल, संजय कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जविप्र दुकानदारों से परेशान ग्रामीण समाहरणालय पहुंचे



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आदर पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दो दुकानदारों से परेशान ग्रामीण राशन दिलाने की मांग को लेकर भाड़े पर वाहन लेकर गढ़वा समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त कार्यालय में आदर के राशन डीलर कुर्बान अंसारी एवं आदर गांव के आसना जरही टोला के डीलर अरसुदीन अंसारी के खिलाफ शिकायत पत्र दिया तथा राशन दिलाने की मांग की। शिकायत पत्र में कहा गया है कि दोनों राशन डीलर द्वारा मशीन में अंगूठा लगवाकर हम सभी को आधा राशन दिया जा रहा है और जब पूरा राशन देने का आग्रह किया जा रहा है तो उन दोनों के द्वारा कहा जा रहा है कि गोदाम से हम लोगों को आधा राशन ही मिला है। जाकर पता कर लीजिये। हम अपनी जमीन बेचकर आप लोगों को राशन नहीं देंगे। डीलर द्वारा धमकी भी दी जा रही है कि जहां जाना चाहते हैं जाईये, आधा राशन ही देंगे। इधर इस संबंध में सहायक गोदाम प्रबंधक मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व के स्टॉक को काटकर जो एसआईओ बनाया गया उसी के अनुसार उन्हें राशन उपलब्ध कराया गया है। किसी भी डीलर को आधा अधूरा राशन नहीं मिलता है।

समाहरणालय पहुंचे ग्रामीणों में सुमेर राम, जितेंद्र चंद्रवंशी, लालो रजवार, दीपक खरवार, कपिल खरवार, रामब्रत रजवार, रामनाथ राम, विश्वनाथ राम, रामदास रजवार, प्रसाद रजवार, मुकेश राम, लीलावती व रीता देवी शामिल हैं।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के 28 साल पूरे होने पर सदस्यों ने स्थापना दिवस मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा के स्थापना के 28 साल पूरे होने पर ग्रुप के सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स के संस्थापक सदस्यों सहित जायन्ट्स के अन्य सदस्यों एव अधिकारियों ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। ज्ञातव्य हो कि 2 अक्टूबर 1995 को जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की स्थापना की गई थी। तब से जायन्ट्स गढ़वा के द्वारा समाज के सबसे नीचले तबके, जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के लिए सेवा कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही ग्रुप के द्वारा पर्यावरण, जल संरक्षण, पौधरोपण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रक्तदान, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आदि पर सालों भर कार्य किया जाता है। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा के फाउंडर अध्यक्ष अलख नाथ पांडे सहित जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के फाउंडर सदस्य अजय कांत पाठक, विजय केसरी, नंदकुमार गुप्ता, एमपी केशरी एवं दीपक तिवारी का उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि अठाइस वर्ष एक लंबा लमहा होता है, इन अठाइस वर्षों में सेवा एवं जागरूकता के द्वारा गढ़वा सहित पूरे झारखण्ड में जायन्ट्स ने अपनी पहचान कायम की है, जिस कारण जायन्ट्स का सदस्य होने का हम सबको गर्व है। जायन्ट्स के स्थापना दिवस पर उपरोक्त के अतिरिक्त जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी, जायन्ट्स गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, वित्त निदेशक अशोक केशरी, धनंजय तिवारी एवं रौशन कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रंकाकला पंचायत में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण संपन्न, मुखिया ने किया प्रमाण पत्र का वितरण




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत भवन में झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तहत जिला उद्यान कार्यालय गढ़वा एवं आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद रांची के द्वारा पिछले 27 सितंबर से चलने वाला पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण एक अक्टूबर को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक अकरम अंसारी एवं गणेश कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को कृषि एवं उद्यानिकी से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक विधि से खेती बाड़ी करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फल, फूल, सब्जी की खेती, औषधीय पौधों की खेती, मशालों की खेती कर किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ-साथ कीटनाशक, फफूंद नाशक जैविक खाद का प्रयोग के स्वास्थ्य लाभ के बारे जानकारी दी तथा किसान भाई बहनों को फील्ड विजिट कराया गया। जिसमें प्रैक्टिकल भी कराया गया। तत्पश्चात रंका कला पंचायत की मुखिया सबिता गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर उद्यान किसान मित्र शैलेंद्र तिवारी, रामचंद्र राम, स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य उपेंद्र चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

संख्या–13/2023–24 **अति अल्पकालीन निविदा** राँची, दिनांक–30.09.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा आयोजित की जाने वाली "Jharkhand Asian Women's Hockey Champions Trophy, 2023" के सफल आयोजन हेतु विविध कार्यों के निमित्त आवश्यक विभिन्न सेवाएँ हेतु दर निर्धारण के निमित्त इच्छुक लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों/फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक–07.10.2023 को अप० 01.00 बजे तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची अवस्थित निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय में निविदा समर्पित कर सकते है। 'निविदा की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं इस निदेशालय के वेबसाईट – https://sports.jharkhand.gov.in के Tender Section से Download की जा सकती है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती/बाद की आवश्यक संशोधन एवं अन्य सूचनाएँ आदि निदेशालय के वेबसाईट https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित, रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य, निदेशालय, झारखण्ड, राँची

PR 308245 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)#D



समाहरणालय, कोडरमा
(जिला खेल कार्यालय)

:– सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–542/राँची दिनांक 27–09–2023 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में "आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास" योजना अन्तर्गम "ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता" का आयोजन दिनांक 06–10–2023, प्रातः 8:00 बजे से बागीटाँड स्टेडियम, कोडरमा में किया गया है। इसके अन्तर्गत तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड, भारा दौड एवं सेकोर खेल का आयोजन किया जायेगा।

इन खेल प्रतियोगिताओं में झारखण्ड राज्य के प्रमुख रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के अन्दर होनी चाहिए। खेल स्पर्धा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी तथा सेकोर प्रतियोगिता के विजेता टीम प्रमण्डल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इच्छुक प्रतिभागी/टीम दिनांक 05.10.2023 के अपराहन 2:00 बजे तक अपने–अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से अथवा स्वयं जिला खेल कार्यालय, कोडरमा में खिलाड़ियो का निबंधन कराना अथवा खिलाड़ियों का सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 05.10.2023 के अपराहन 2:00 बजे के बाद किसी भी टीम/खिलाड़ी का निबंधन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु श्री धीरेन्द्र सिंह, लिपिक, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या–9693284071) एवं श्री शिवम राज, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या–9123120872) से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 308198 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs )23-24*D


## कार्यक्रम : हिंदू जागरण मंच गढ़वा का युवा सम्मेलन सह संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित

# जिंदगी जीने का सही तरीका सनातन धर्म है : अलखनाथ पांडेय

**आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा के सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा के सभागार में हिंदू जागरण मंच गढ़वा के द्वारा युवा सम्मेलन सह संगठन विस्तार कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुमन कुमार, गढ़वा जिला के जाने माने शिक्षाविद सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी मंचासिन अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मौके पर उपस्थित अलखनाथ पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म मूलतः भारतीय धर्म है, जो किसी जमाने में पूरे भारतीय उपमहाद्वीप तक व्याप्त रहा है। विभिन्न कारणों से हुए भारी धर्मान्तरण के बाद भी विश्व के इस क्षेत्र की बहुसंख्यक आबादी इसी धर्म में आस्था रखती है। सनातन धर्म शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला है। अर्थात जिसका न आदि है न अंत। जिसका न प्रारंभ है और न अंत है उस सत्य को ही सनातन कहते हैं। यही सनातन धर्म का सत्य है।

सनातन धर्म हमें सिखाता है कि कैसे एक राम सामान पुत्र अपने पिता के वचन का पालन करने के लिए समस्त भौतिक राज-पाट, सुख-सुविधाओं का त्याग करके चौदह वर्ष के लिए एक वनवासी का जीवन समाज कल्याण के लिए व्यतीत करता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हिंदू जागरण मंच के क्षत्रिय संगठन मंत्री डॉ सुमन कुमार जी ने कहा कि सनातन का अर्थ है जो शाश्वत हो, सदा के लिए सत्य हो। जिन बातों का शाश्वत महत्व हो वही सनातन कही गई है। जैसे सत्य सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा ही सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म ही सनातन धर्म भी सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा वह ही सनातन या शाश्वत है। जिनका न प्रारंभ है और जिनका न अंत है उस सत्य को ही सनातन कहते हैं। यही सनातन धर्म का सत्य है। वैदिक या हिंदू धर्म को इसलिए सनातन धर्म कहा जाता है, क्योंकि यही एकमात्र धर्म है जो ईश्वर, आत्मा और मोक्ष को तत्व और ध्यान से जानने का मार्ग बताता है। मोक्ष का कांसेप्ट इसी धर्म की देन है। एकनिष्ठता, ध्यान, मौन और तप सहित यम-नियम के अभ्यास और जागरण का मोक्ष मार्ग है अन्य कोई मोक्ष का मार्ग नहीं है। मोक्ष से ही आत्मज्ञान और ईश्वर का ज्ञान होता है। यही सनातन धर्म का सत्य है।

आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा पलामू से हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य गण सहित भाजपा गढ़वा के वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों की संख्या अन्य लोग उपस्थित थे।


जिला खनन कार्यालय, कोडरमा

आम सूचना

कोडरमा जिलान्तर्गत सभी खनन पट्टेधारियों/डीलर अनुज्ञप्तिधारियों/खनिज ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों को सूचित करना है कि The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के नियम– 5 (ii) के अनुसार सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Devices लगाया जाना है। उपरोक्त VTD devices के tracking हेतु Vehicle Tracking Solution (VTS) लागु किया गया है, जिसका संचालन Operation Control Center (OCC), VTS द्वारा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वाहन मालिक खुले बाज़ार से AIS 140 Certificate प्रदत्त VTD devices का अधिष्ठापन किसी भी विक्रेता के माध्यम से कराते हुए खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित VTS module के साथ Integration करा सकते है। JIMMS पर वाहन निबंधन के URL (https://jimmsvehicle.jharkhand.gov.in/) पर किसी भी AIS 140 certificate प्रदत्त VTS device को integrate करने का प्रावधान सृजित किया जा रहा है।

अतः जिलान्तर्गत सभी खनन पट्टेधारियों/डीलर अनुज्ञप्तिधारियों/खनिज ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों को निदेश दिया जाता है कि सभी खनिज ढुलाई करने वाले वाहनों पर अगले तीन माह के अन्दर MoRTH द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 certificate युक्त GPS Vehicle Tracking Devices (VTD) को Install करने का कार्य सुनिश्चित किया जाय। साथ ही VTS venors द्वारा उपकरण की e-SIM validity, गुणवत्ता एवं warranty को भी बनाये रखा जाना सुनिश्चित कराया जाय, जिससे GPS VTD devices को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से intergrate करते हुए, सतत् निगरानी रखी जा सकें। ताकि अवैध उत्खनन/परिवहन पर रोकथाम के साथ राजस्व हानि को रोका जा सकें।

ह0/–
जिला खनन पदाधिकारी, कोडरमा

PR 308167 Mines and Geology(23-24).D

# 11वां वेतन समझौता जल्द नहीं होने पर हड़ताल का किया आह्वान



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोयला मजदूरों ने विशाल विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना में कार्यरत कोयला मजदूर बीओसीएम हनुमान मंदिर के समक्ष जमा हुए और संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में रैली की शक्ल में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे,जहां जोरदार नारों के साथ रैली सभा में तब्दील हो गयी। इस सभा की अध्यक्षता एटक के मुद्रिका प्रसाद और संचालन सीटू के इस्लाम अंसारी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग में मजदूरों का 11वां वेतन समझौता ऐतिहासिक हुआ है और वेतन समझौता का लाभ भी मिल रहा था, लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर वेतन समझौता को रद्द करा दिया गया,जिससे कोयला मजदूरों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों के द्वारा 12 से 14 अक्टूबर तक कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई है। हड़ताल से पूर्व सीसीएल के सभी क्षेत्रो के महाप्रबंधक कार्यालय में संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में कोयला मजदूरों का विशाल प्रदर्शन हुआ,जिसमें कोल इंडिया प्रबंधन और ऑफिसर एसोसिएशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। यदि जल्द वेतन समझौता लागू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं सभा के दौरान सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने और तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गयी।

## वारिश से एक दर्जन घर हुए क्षतिग्रस्त

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** तीन दिन से रुक-रुक के हो रही वारिश ने प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक घरों को नुकसान किया हैं। सोमवार रात को वारिश ने कई घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत चोगा गांव में ही आधा दर्जन घर ध्वस्त हुये है। पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव जाकर सभी का नुकसान की जानकारी लेकर प्रखंड प्रशासन को मुआवजा देने की मांग की है। गांव के राजेश महतो,परमेश्वर कोईरी, कृपा कोईरी, रूपचांद कोईरी, किशु देवी,रामगोपाल महतो,बूटन मछुवा,रोपनी देवी,सखी देवी,वैशाखी देवी मिस्टो मछुवा का घर क्षतिग्रस्त हुआ है। इधर राहे प्रखंड के चैनपुर गांव के दिनेश प्रसाद महतो ओर गोवाली गांव के अर्जुन गोंझु का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।

## हाथी ने बेहरबेड़ा गांव में घर गिराया



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेहरबेड़ा गांव के सहोदर मुंडा के घर को झुंड से बछड़े हाथी ने ध्वस्त कर दिया है। घर गिरने से घरेलू सामान नष्ट हो गये है। मुखिया गिरिबाला ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर सोनाहातू प्रखंड के बांस वन में 50 की संख्या में हाथियों बक झुंड को भागने के लिये मंगलवार शाम को प्रभारी वनपाल राजू महतो की टीम जंगल में घुस कर झुंड को भगाने का प्रयास किया। शाम 7 बजे तक झुंड को बांस वन से खदेड़ कर जामुदाग तक पहुंचा दिये

## बीडीओ ने लिया ईचागढ़ गांव का जायजा



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर हो रहे लगातार बारिश से चांडील डैम का जलस्तर 181.50 मीटर हो गया था,जिसके कारण 10 रेडियल गेट को खोल दिया गया था।मंगलवार की सुबह चांडिल डैम का जलस्तर 181.50 मीटर पहुंचने के बाद सात रेडियल गेटों को बंद कर दिया गया। फिलहाल डैम के तीन रेडियल गेट एक-एक मीटर तक खुला है।वहीं जलस्तर बढ़ने के बाद ईचागढ़ गांव की सड़कों पर जलभराव हो गया था, इससे गांव की सड़कों पर आवागमन बंद हो गया था।इसका जायजा लेने के लिए ईचगढ़ के बीडीओ किकू महतो ईचागढ़ गांव पहुंचे और स्थिति का आकलन किया। वे जलमग्न सड़कों से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए।

## नरसंहार के खिलाफ काला दिवस मनाया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल बुडू के समक्ष माकपा संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा लखिनपुर खिरी किसान नरसंहार के खिलाफ काला दिवस मनाया गया और मोदी सरकार का पूतला फूंका। किसानों का हत्यारा गृहराज्यमंत्री को बर्खास्त करो, गिरफ्तार करो, हत्यारा केन्द्रीय मंत्री का दो साल बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं, मोदी सरकार जबाब दो, किसानों के फसलों के लिए एम,एस,पी क्यों नहीं मोदी सरकार जबाब दो, सर्वाधिक मंहगाई, बेरोजगारी, निजीकरण क्यों मोदी सरकार जबाब दो आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में संयुक्त किसान मोर्चा नेता सुफल महतो ने कहा आज देशव्यापी काला दिवस एतिहासिक रहा, हत्यारा केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री आज भी मोदी सरकार के मंत्री मंडल में शामिल हैं,यह मोदी सरकार के कानून व्यवस्था को उजागर करती है। किसान आन्दोलन के पश्चात तीनों कृषि कानून रद्द करने के साल भर बाद भी किसानों के लिए एम,एस,पी, का कानून नहीं बना।

## रागिनी रंजना ने कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के एक पिछड़े गांव निंद्रा की बेटी रागिनी रंजना ने कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने जिला सहित मैकलुस्कीगंज का नाम रौशन किया है। उसकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मैकलुस्कीगंज निवासी प्राइवेट शिक्षक मुखदेव गोप की पुत्री रागिनी रंजना की प्रारंभिक शिक्षा मैकलुस्कीगंज के डॉन बॉस्को एके-डमी और मैट्रिक आदिवासी टानाभगत उच्च विद्यालय निंद्रा लातेहार से उतीर्ण हुई। वहीं इंटर विज्ञान की पढ़ाई सन्त अन्ना इंटर कॉलेज रांची से पूरी कर कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेन्स टेस्ट 2023 में शामिल होकर चयनित हुई व सफलता प्राप्त की है। मुखदेव गोप ने बताया कि हमारा परिवार अतिसवेंदनशील माने जाने वाले लातेहार जिला के बैलगड़ा में निवास करता है। ऐसे में रागिनी स्वयं अपनी मेहनत व लगन से उक्त मुकाम को हासिल की है। रागिनी का चयन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विष्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के केंद्रीय विष्वविद्यालय में व्यवसायिक कृषि विज्ञान में हुई।

## भाजपा का बूथ कमेटी सत्यापन कार्य दो चरणों में पूरा हुआ

# 14 शक्तिकेंद्र संयोजकों और 60 बूथ के अध्यक्षों का सत्यापन कार्य पूर्ण हुआ

**33 प्रतिशत आरक्षण और उपलब्धियों के साथ कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में उतरने का आह्वान किया**

आजाद सिपाही सवांददाता



बैठक में प्रदीप कुमार वर्मा व भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ता

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों और मंडल प्रभारियों की बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में वीआईपी क्लब डकरा के सभागार कक्ष में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मंडल के प्रवासी प्रभारी सह झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा के साथ मंडल के स्थाई प्रभारी सतीश कुमार शाह जी उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में मंडल के सभी 14 शक्तिकेंद्र संयोजकों और 60 बूथ के अध्यक्षों के सत्यापन का कार्य पूर्ण हुआ। डॉ.वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों यथा रक्षा क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनने, देश विदेश में भारत के मान सम्मान में हुई वृद्धि, धारा 370 की समाप्ति और जम्मू और कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश के रूप में भारत में संपूर्ण विलय, 500 सालों से चले आ रहे राम मंदिर संघर्ष की गाथा, अयोध्या में भगवान राम के भव्य निर्माण की परिकल्पना की पूर्ति, नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक के माध्यम से देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण आदि विषयों के बारे में बताया तथा इन उपलब्धियों के साथ कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में उतरने का आह्वाहन किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अनिल गंझू और धन्यवाद ज्ञापन मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रवींद्र मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू, सांसद प्रतिनिधि फुलेष्वर, श्याम सुंदर, रामसूरत, अरविंद, भारत, आनंद झा, शत्रुंजय, दिलीप, किरण, सिन्नी समाद, शिव चैधरी, मिथिलेश, कमलेश, संजीत, रामधारी, आनंद, रामेष्वर, नागदेव, सूरज, भगवान, नेपाल, भोलानाथ, रितेश, दिनेष्वर, निर्भय सिंह, उज्ज्वल, रतन, सुरेश साव, कार्तिक, संजय आर्य, तुलसी मुंडा, रमेश विष्वकर्मा, रघुनाथ गुप्ता, उदय प्रताप, ओम प्रकाश शर्मा, अनिल आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष को पद से हटाये जाने का कड़ा विरोध



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से कैसर खान को हटाए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले को लेकर मंगलवार को खूंटी के आजाद रोड स्थित अंजुमन हॉल में कांग्रेस से जुड़े मुस्लिम कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित मुस्लिम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि एक साजिश के तहत कैसर खान को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद से हटाया गया है। जब तक उसी पद पर कैसर खान को नहीं बैठाया जाता है, तब तक इसका पुरजोर विरोध पूरे खूंटी लोकसभा क्षेत्र में होता रहेगा, जिसका खमियाजा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। सभी ने एक स्वर से कहा कि कांग्रेस में इस तरह मुसलमानों की अवहेलना होती रही, तो इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के खूंटी जिलाध्यक्ष सोनू इमरान, गुलाम गौस, जमील इकराम मोहम्मद, एहतेशाम मोहम्मद, शकील अंसारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनू नाग बने ओबीसी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के ओबीसी सेल के खूंटी जिलाध्यक्ष सोनू इमरान ने सोनू नाग को ओबीसी कांग्रेस का कर्रा प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। ओबीसी कांग्रेस द्वारा सोमवार को कर्रा में आयोजित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में कृषि विभाग के बोर्ड चैयरमेन रवींद्र सिंह के हाथों प्रखण्ड अध्यक्ष सोनू नाग को पत्र सौंपा गया।

## हातुदामी गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाया राशन नहीं बांटने का आरोप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी प्रखंड के हातुदामी गांव के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को समाहरणालय पहुंचे और गांव के राशन डीलर लाल मुंडा पर राशन वितरण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि डीलर द्वारा गांव के लाभुक कार्डधारियों के बीच सितंबर माह के राशन का अब तक वितरण नहीं किया गया है। डीएसओ से मिलने समाहरणालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि उक्त राशन डीलर द्वारा कार्डधारियों से सितंबर माह के राशन के लिए ठेपा-सिग्नेचर ले लिया है, लेकिन राशन नहीं दे रहा है। राशन मांगने पर कहता है कि राशन का उठाव नहीं हुआ है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने डीएसओ से सितंबर माह का राशन दिलाने और आरोपित राशन डीलर पर समुचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बताया कि ग्रामीणों के इस आरोप को गंभीरता से लेते हुए आरोपित डीलर के राशन सामंजस्य की जांच की गई, तो पाया गया कि डीलर के पास अभी सितंबर से दिसंबर माह तक का राशन उपलब्ध है, जिसे लाभुकों को बांटा जाना था। उन्होंने कहा कि राशन उपलब्ध रहने के बावजूद कार्ड धारियों को राशन नहीं देने पर आरोपित राशन डीलर को शोकॉज जारी कर दिया गया है। साथ ही कार्ड धारियों को अवलंब राशन देने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर आरोपित राशन डीलर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# दामोदर और सपही नदी का बढ़ा जलस्तर, बचरा रेलवे पुल में भरा पानी

आजाद सिपाही सवांददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र में चारों ओर पानी ही अपनी नजर आ रहा है। क्षेत्र के सभी कुआ और तालाब मे पानी भर गया है। जबकि कोयलांचल क्षेत्र की दो प्रमुख नदी दामोदर और सपही नदी का जलस्तर बढ़ जाने से उसमें बाढ़ आने का खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार 30 सितंबर की रात से कोयलांचल क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही है। इस दौरान बचरा सपही नदी के छ्लटा पुल के ऊपर से पानी का बहाव होने के कारण घंटो उक्त मार्ग पर आवागमन भी बाधित रहा। नदियों का लगातार जल स्तर बढ़ने से नदी के अगल-बगल रहने वाले लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी है। इधर बचरा रेलवे पुल और बचरा बस्ती के रेलवे पुल में भी पानी भर जाने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बचरा रेलवे पुल से लोग राय रेलवे स्टेशन और राजधानी रांची के लिए आवागमन करते हैं जबकि बेचारा बस्ती रेलवे पुल से लोग रामगढ़ पतरातु हजारीबाग आदि जगहों के लिए आवागमन करते हैं। उक्त दोनों रेलवे पुल में पानी भरने से दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बारिश के कारण क्षेत्र के कई सड़कों की सूरत बिगड़ गई है। बहेरा कल्याणपुर मुख्य मार्ग पर जल जमाव होने से लोग परेशान है, जबकि क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है। वहीं बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर देखी जा रही है।

## रैयतों को नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

# प्रबंधन रैयतों की मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक जारी रहेगा अनिश्चितकालीन धरना : रतिया गंझू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** विश्रामपुर और तुमांग पंचायत के रैयतों की नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के बैनर तले विश्रामपुर पंचायत के जामून दोहर जारी अनिश्चितकालीन धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना पर बैठे बिहार कामगार कोलयरी यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सह विश्रामपुर पंचायत के रैयत रतिया गंझू ने अनिश्चितकालीन धरना को लेकर कहा कि विश्रामपुर और तुमांग के रैयतो की जमीन को 1980 में हीं अधिग्रहण कर लिया गया था। अभी भी इस जमीन पर खनन का कार्य किया जा रहा है लेकिन यहां के ग्रामीणों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा अभी तक मुआवजा राशि और नौकरी नहीं दिया गया है। उन्होने कहा कि दोनों पंचायतो में स्थित खदानों में हर तरफ आग लगा हुआ है। साथ ही अंदर ही अंदर आग लगी होने से क्षेत्र में जमींदोज होने का खतरा भी बढ़ गया है। पुर्व में भी कई बार भू-धंसान की घटनाएं हो चुकि है। यहां के ग्रामीण भय के माहौल मे जीवन यापन करने को मजबुर है। जब तक प्रबंधन रैयतों की मांगों को पुरा नही करती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगी। वहीं रैयत सोनू गंझू ने कहा कि केडीएच परियोजना अंतर्गत विश्रामपुर और तुमांग पंचायत के रैयतों का जमीन अधिग्रहण कर लिया गया है लेकिन मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है। चारों तरफ से आग व जहरीले गैस के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं ग्रामीण। मौके पर मौके पर दिनेश गंझू, जुगल किशोर मुंडा, महावीर गंझू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## चोरों ने नगदी सहित सामान की चोरी की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडी चैक स्थित बाबा मोबाईल दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने छत का एस्बेस्टस षीट तोड़ कर नगदी सहित 5500 रुपए मुल्य का समान चुरा लिया। इस संबंध में दुकान के संचालक प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि सोमवार की रात आठ बजे दुकान बंद कर वे घर चले गये थे। मंगलवार की सुबह आठ बजे जब दुकान खोला तो पाया कि चोरों ने दुकान में लगे एस्बेस्टस षीट तोड़ कर मोबाईल 8 पीस मोबाईल, ब्लुटुथ नेकबैंड 5 पीस, केबल 2 पैकेट, हेडफोन 10 पीस, रिपेयरिंग का मोबाईल 2 पीस अन्य समान सहित कई स्पेयर पार्टस और दुकान में रखे 500 रूपया चोर लेते गये। घटना की जानकारी खलारी पुलिस को दे दी गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड प्रखंड कार्यालय में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न पंचायतों से आए मिट्टी को लेकर नेहरू युवा संगठन प्रखंड कार्यालय से जिला मुख्यालय वहा से दिल्ली के लिए भेजा गया जिसमें उपस्थित प्रखंड बीडीओ गिरजा शंकर महतो प्रमुख अजय मुंडा जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ उप प्रमुख शकुंतला खंडित मुखिया हरीश मुंडा एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया और प्रखंडकर्मी उपस्थित हुए।

### हेजाज को मिली ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष सह स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष हेजाज असदक को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कराटे ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि प्रदान की गयी। हेजाज असदक को यह उपाधि विश्व कराटे महासंघ के टेक्निकल सदस्य हैंसी भरत शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही हेजाज असदक को शिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष सेंसेई मानस सिन्हा, सेंसेई कृष्ण कुमार सिंह, शशि पांडेय, रंजीत मेहता, नरेंद्र सिंहा सहित झारखंड के विभिन्न जिला कराटे संघ के पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### डीसी ने की नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित नीति आयोग की जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में विवभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित कई क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने कें लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर सुधार की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम को लेकर उचित प्रयास किए जाएं। इसके अतिरिक्त मोबाइल केयर वाहन के संचालन को लेकर चर्चा की गयी। मोबाइल केयर वाहन के संचालन से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। डीसी ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जाये।

### विकास शिविर की शुरूआत, 12 को होगा समापन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर अड़की प्रखंड की बाड़ी निजकेल पंचायत के उलिहातू ग्राम में मंगलवार को विकास शिविर की शुरूआत हुई। विकास शिविर का समापन 12 अक्तूबर को होगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जाएंगे, जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विविध योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उलिहातु में आयोजित शिविर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। स्टाल के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की गयी। मौके ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा नोट किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अड़की ने विविध स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

### सीओ ने विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सौंपा चेक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचलाधिकारी षिषुपाल आर्य ने विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत राहुल सेन के पिता में एसीसी कॉलोनी निवासी समर सेन को एक लाख रुपए का चेक सौंपा। मौके पर एसीसी स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन तिवारी, अरूण चैरसिया भी पहचानकर्ता के रूप में उपस्थित थे। उल्लेखणीय है कि एसीसी स्कूल के शिक्षक समर सेन के इकलौते पुत्र आईटीआई प्रशिक्षित 21 वर्षीय राहुल कुमार सेन की दर्दनाक मौत चार मार्च को एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी।

### जेवियर स्कूल मे बच्चों ने चलाया सफाई अभियान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जेवियर स्कूल डकरा में मंगलवार को बच्चों ने सफाई अभियान चलाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने घर से ही हैंडलूम कूड़ेदान बनाकर स्कूल पहुंचे और हाथों में झाडू लेकर विद्यालय परिसर और आसपास की साफ सफाई कर कचरो को एकत्रित किया। इसके साथ ही बच्चों ने आसपास के लोगों को साफ सफाई पर ध्यान देने। स्वच्छता को अपने की अपील की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति चैबे ने कहा कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती को लेकर स्कूल बंद था।

### अब्दुल्ला ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद दिया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया है। मौके पर अब्दुल्ला अंसारी ने बताया की राय पंचायत स्थित दरहाटाड़ निवासी अजय राम और ठरहा गांव निवासी लालदेव महतो का अचानक तबियत खराब होने के कारण ईलाज के आभाव में मृत्यु हो गयी थी।

### बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घरों के मुआवजा के लिए जमा करें आवेदन: सीओ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने क्षेत्र में बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घरों का आवेदन करने का लोगों से आग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने झारखंड सरकार के द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घरों का आवेदन पंचायत के मुखिया से सत्यापित करावाने के बाद गिरे घर का फोटो, आधार कार्ड और बैंक पासबुक का फोटो कॉपी खलारी अंचल कार्यालय में जल्द से जल्द जमा कराने को कहा। साथ ही बताया कि भौतिक निरीक्षण के बाद ही मुआवजा की राशि दिया जायेगा।

## झारखंड सरकार लोहरा जनजाति का स्थायी समाधान नवंबर तक नहीं करती है तो सड़क से लेकर सदन तक होगा घेराव : ठुमा तिर्की



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** उत्तरी टुंडुल पंचायत भवन में सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज केंद्रीय समिति व संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक केन्द्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी प्रखंडों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ठुमा तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार लोहरा जनजाति का स्थाई समाधान नवम्बर माह तक नहीं करती है तो लोहरा समाज सड़क से लेकर सदन तक घेराव करने का काम करेगी। इसके लिये गांव-गांव जाकर समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अशोक लोहरा, रामशरण लोहरा, कार्तिक लोहरा, बिरेन्द्र लोहरा, राधा मोहन लोहरा, राजू, संगीता देवी, किशोर लोहरा, संजय लोहरा, सोमरा लोहरा, बजरंग लोहरा, सुनील लोहरा, अनूप लोहरा, राजेंद्र लोहरा, सुखू लोहर, राजीव लोहरा, तुलसी लोहरा, विजय कच्छप, तमाड़ प्रखंड से राहुल लोहरा, अरगोड़ा अंचल अध्यक्ष राजेंद्र तिर्की, सुमन लोहरा, विनोद लोहरा, सूरज लोहरा, प्रभु लोहरा, राहुल लोहरा, अनिल लोहरा, विजय लोहरा, राजन लोहरा, मोहन लोहरा, पूरन लोहरा, योगेश लोहरा, महावीर लोहरा, बुधराम लोहरा, सीमा कच्छप, केंद्रीय मीडिया प्रभारी संजय लोहरा सहित कई लोग शामिल हुए।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने बाईचुंग भूटिया का एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान बाईचुंग भूटिया का मंगलवार को नामकुम/अनगड़ा के आजसू कार्यकर्ताओं ने रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। बाईचुंग भूटिया सिल्ली में आयोजित झारखण्ड प्रीमियर फुटबॉल लीग का शुभारंभ करने रांची पहुंचे हैं। मंगलवार को आजसू के जिला सचिव राजू नायक के नेतृत्व में बाईचुंग भूटिया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्हें फुल मालाओं से लाद दिया गया। स्वागत करने वालों में रोशन नायक, सूरज कुमार, दिवान शाही मंगल शाही मानकी, अरूण रविदास, वीडियो कुमार कच्छप, वंदे उरांव, तनु नायक, राजेश सिंह, अरूण कुमार, सुमन टोप्पो आदि शामिल थे।

## आजसू पार्टी के पुनः केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर सुदेश महतो को दी गयी बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के तीन दिवसीय महाधिवेशन के आखिरी दिन रविवार को केन्द्रीय समिति के चुनाव में सर्वसम्मति से सुदेश महतो को पुनः केन्द्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर आजसू के रांची जिला सचिव राजू नायक ने बधाई दी है। कहा कि आजसू पार्टी नहीं बल्कि एक विश्वास और विचारधारा है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। सुदेश महतो ही पार्टी के नेतृत्वकर्ता हैं उनकी लोकप्रियता से राज्य की सत्ता में बैठे लोगों सहित अन्य विरोधियों में हड़कंप की स्थिति है।

## दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर गेतलसूद में हुआ भूमिपूजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन पं. ईश्वरचन्द्र गोस्वामी ने किया। मुख्य यजमान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार थे। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष गेतलसूद में भव्य काल्पनिक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आर्कषक लाइटिंग भी की जा रही है। इस मौके पर सचिव संजय नायक, कोषाध्यक्ष गणेश लोहरा, उपमुखिया शंकर बैठा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, राज बैठा, राजेश लोहरा आदि उपस्थित थे।

## हुंडरू फॉल में बहे युवक का शव दूसरे दिन भी नहीं मिला

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** बिहार राजगीर से हुण्डरू घुमने आये शुभम कुमार उर्फ सोनू का शव दूसरे दिन मंगलवार को भी नहीं मिला। मृतक के परिजन राजगीर से पहुंचे हुए हैं। सिकिदिरी पुलिस व पर्यटक मित्रों ने सुबह से ही शव की तलाश फॉल के संभावित हर जगहों पर अपने स्तर से की। लेकिन शव कहीं नजर नहीं आया। वहीं एनडीआरएफ की टीम शाम को हुंडरू फॉल पहुंची। फॉल में पानी का तेज बहाव के कारण एनडीआरएफ की टीम भी कुछ नहीं कर पायी। आशांका जतायी जा रही है कि शव पत्थर की खाई में फंस गया होगा।

## सोसो गांव में पाक कला प्रतियोगिता आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के सोसो गांव में दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, विशिष्ट अतिथि नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, जिप सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा एवं ग्राम प्रधान सोसो राजेंद्र शाही मुंडा शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की पाक कला प्रतिभा का कुशल प्रदर्शन करना, विलुप्त हो रहे व्यंजन को पुनः स्थापित करना एवं मोटे अनाज को रोज दैनिक थाली में शामिल करना था। कार्यक्रम में मुखिया भुवनेशवर बेदिया ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। डॉ विशाखा सिंह वैज्ञानिक के.वी.के रांची ने कहा कि महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी मोटे अनाज का सेवन कर कैल्शियम आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव ने महिलाओं को उनके द्वारा निर्मित व्यंजनों के लिए बधाई देते हुए बाजार व्यवस्था से रूबरू कराया। उन्होंने मड़ुवा लड्डू का मूल्य संवर्धन कर उनका व्यवसायीकरण करने हेतु प्रेरित किया। जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नेहा रंजन ने किया। कार्यक्रम में 92 महिलाएं शामिल हुईं, जिसमें 30 महिलाओं ने 51 व्यंजन बनाकर पाक कला प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें नीलम देवी ने सात मड़ुवा आधारित व्यंजन बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पार्वती देवी, तृतीय स्थान पर आरती देवी, चतुर्थ स्थान पर गोमती देवी एवं पांचवें स्थान पर अमविका देवी रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कार्यक्रम : चांडिल डैम के हजारों विस्थापित 140 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे राजभवन

# राज्य में जल्द विस्थापित आयोग का हो गठन : मनोज सिंह

**विस्थापितों ने दस सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल के सचिव को सौंपा ज्ञापन**

**बरगांवा में विस्थापितों का किया गया भव्य स्वागत**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** विस्थापित अधिकार मंच चांडिल की ओर से अधिकार पदयात्रा सह एक दिवसीय सत्याग्रह में विस्थापित प्रभावित लोग चांडिल से एक अक्टूबर को पैदल 140 किलोमीटर की दूरी तय राजभवन पहुंचे। हजारों की संख्या में विस्थापितों ने मंगलवार को नामकुम स्कूल में विश्राम करते हुए सुबह पुनः राजभवन के लिये प्रस्थान किया। इस दौरान बरगांवा जैक मैदान में अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के द्वारा पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे विस्थापित मंच के अध्यक्ष राकेश महतो, नवोदय जनत्रांतिक पार्टी के अध्यक्ष मदन महतो, झारखंड मनावधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश किनू, कोल्हान प्रभारी राधाकृष्ण सिंह मुंडा, समाजिक कार्यकर्ता संदीप मंडल, पुष्पा महतो, मंजू गोराई, सीतारानी महतो को माला पहनाकर स्वागत किया।

राजभवन के समक्ष सत्यग्रह को संबोधित करते हुए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में तत्काल ही विस्थापित आयोग का गठन किया जाये, ताकि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के विस्थापितों का निराकरण करते हुए जल्द ही उनकी समस्याओं का हल किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस समस्या को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील करेंगे। विस्थापित मंच के राकेश महतो ने कहा कि दस सूत्री मांगों को लेकर कई वर्षों से अपनी लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन इसकी सूध लेने वाला कोई नहीं, इसे देखते हुए मंच की पदयात्रा सह सत्याग्रह राजभवन के समक्ष किया गया है। उन्होंने कहा कि चांडिल द्वारा विस्थापित के बदले 1980 में समझौता के तहत लागू करते हुए परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को नौकरी, 25 डिसमील जमीन, जमीन का पट्टा, वर्तमान मूल्य में मुआवजा मिले। मौके पर मनावधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश किनू ने कहा कि चांडिल डैम में 116 विस्थापित गांव में से 73 गांव आंशिक डूबे हैं और पूर्ण डूबे 43 गांव हैं। जिसमें 9 गांव अभी जल समाथि ले चुके हैं। 1192-93 वर्ष में नौकरी के लिये 1400 सूची बनायी गयी। नियुक्ति पत्र भी दिया गया, लेकिन सभी विस्थापित नियुक्ति पत्र के साथ सेवानिवृत्त हो गये और पदस्थापित नहीं किया गया। कई ऐसे गैर विस्थापित हैं जिन्हें जाली दस्तावेजों के साथ नियुक्ति की गयी। अपनी मांगों को रखते हुये राज्यपाल के सचिव को दस सूत्री ज्ञापन विस्थापित मंच की ओर से सौंपा गया। मौके पर पुष्पा महतो, सोमवारी महतो, सितारानी महतो, मलखान महतो, वशिष्ट नारायण महतो, विवेक सिंह राजपूत सहित अन्य विस्थापित उपस्थित थे।

## वंचित न रह जायें वन अधिकार से योग्य लाभुक : बीडीओ

**बीडीओ ने की वन अधिकार अधिनियम व विकास योजनाओं की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य विकास योजनाओं को लेकर बैठक की गयी। बैठक में बीडीओ ने वन अधिकार अधिनियम के तहत विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में जहां वन क्षेत्र आता है वहां ग्राम सभा के माध्यम से वन अधिकार समिति का गठन किया जाना है। गठित 15 सदस्य समिति में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। इस समिति द्वारा वन क्षेत्र में रह रहे या भूमि के उपयोग करने वाले व्यक्तियों की अनुशंसा की जानी है। आदिवासी जनजातीय परिवार के ऐसे व्यक्ति जो 2005 या उससे पूर्व से वन क्षेत्र में रह रहे हों या भूमि का उपयोग कर रहे हैं, प्रमाण के साथ समिति के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। जबकि गैर आदिवासी व्यक्ति एवं परिवार जो विगत तीन पीढ़ियों से या 75 वर्षों से वन क्षेत्र में रह रहे हैं या भूमि का उपयोग कर रहे हों ऐसे व्यक्ति भी प्रमाण के साथ अपना दावा ग्राम वन अधिकार समिति को आवेदन के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बीडीओ ने बताया कि 7 अक्टूबर तक वन क्षेत्र में पड़ने वाले सभी गांव में वन अधिकार समिति का गठन किया जाना है। 8 से 20 अक्टूबर तक वन भूमि में रहने या उपयोग करने वाले व्यक्तियों द्वारा आवेदन दिया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि योग्यता रखने वाले कोई भी व्यक्ति वन अधिकार से वंचित न रहें। मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी सुमन तिर्की ने बताया कि 21 से 28 अक्टूबर तक प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी, जिसके उपरांत 29 से 5 नवंबर तक सीओ द्वारा अनुमंडल समिति को आवेदन सौंप दिया जाएगा। इसके पश्चात जिला कल्याण समिति की बैठक में आवेदनों की स्वीकृति दी जाएगी। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारुख नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम अंसारी, दुर्गा टाना भगत, अभय आशीष कोया, पंचायत सचिव, जनसेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## मेले में घूमने गया नाबालिग लापता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चूटिया गणेश पूजा के मेले में गया 13 वर्षीय नाबालिक के लापता होने का मामला सामने आया है। नाबालिक के पिता दिलीप स्वांसी ने नामकुम थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। जिसे लेकर नामकुम पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिलीप स्वांसी ने बताया कि वे मूल रुप से तमाड़ के रहने वाले है। जो नामकुम स्थित तेतरी टोली में किराये के मकान में रहते है। बताया कि उनका पुत्र दुलाल कुमार (13) अपने दोस्त जोरार निवासी आर्या टोप्पो (8) के साथ 28 सितंबर को चूटिया गणेश पूजा मेला घूमने गया था। जो आज तक घर वापस नही आया। हर जगह खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला तो नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इधर नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## लापुंग के नये अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने पदभार संभाला



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग अंचल कार्यालय में नये अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने पदभार ग्रहण किया। उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। निवर्तमान अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दू की विदाई के साथ प्रमोशन कोडरमा जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का पदभार मिला। विदाई और उनकी प्रोनति के अवसर पर सापुकेरा मुखिया सविता उरांव ने शॉल ओढ़ाकर व पुष्प देकर विदाई की। मौके पर प्रखंड के कर्मी के अलावे जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर निवर्तमान की विदाई व नये अंचलाधिकारी का स्वागत किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा ने अविनाश के साथ अंचल और प्रखंड में साथ-साथ काम किया उसका अनुभव साझा किया। अविनाश पूर्णेनन्दू ने कहा कि यहां के लोगों से उनका लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग अंचल व प्रखंड कार्यालय आने में संकोच करते थे, पर उन्होंने लोगों से संपर्क कर सभी की समस्या का निदान किया। जिससे लोग बेधड़क कार्यालय में पहुंचते थे। नये अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने आम जनता व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र करने की बात कही। मौके पर प्रमुख कंचन उरांव, पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंद्र वर्मा, प्रकाश राम, जयन्त बरला, सुमित कुमार, प्रखंड व अंचल कर्मी, बीपीओ के अलावे अनेक लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम : लोकहित अधिकार पार्टी के हरिनाथ साहू ने जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाया, कहा

# पार्टी झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर पार्टी संगठन के विषय में चर्चा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांके।** रांची लोकसभा अंतर्गत कांके विधानसभा के जयपुर पंचायत में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक न्याय का जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाया और ग्रामीणों के साथ बैठक कर पार्टी संगठन के विषय में चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद एवं संचालन विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक ने किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले असंख्य दबे-कुचले वंचित शोषित उपेक्षित वर्गों को सामाजिक न्याय नहीं मिल पाया है और ना ही राजनीतिक भागीदारी। देश में दो प्रमुख राजनीतिक घटक दल एनडीए और इंडिया जो सिर्फ हिंदू और मुसलमान का एजेंडा पर राजनीति करते हैं।

आगामी 2024 में लोकहित अधिकार पार्टी देश में जाति जनगणना कराने और जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी भागीदारी के साथ आरक्षण नीति, सभी वर्गों के लिए निःशुल्क शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था देश में लागू कराने के साथ सामाजिक न्याय के लिए झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

पार्टी के रांची जिला सलाहकार लगनलाल ठाकुर ने कहा देश में कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियां भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बदलने की साजिश रच रही हैं, जिसे हर हाल में नाकाम किया जाएगा।

जनसंपर्क जागरूकता अभियान में विद्या भूषण पाठक, उमेश प्रसाद सिंह, समीर पाल, संजीब घोष, संजीत उरांव, मिंटू जायसवाल, हरि साव, निरंजन यादव, राजेश साहू, विमल शाहा, संजय कुमार, परमेश्वर यादव, लिकेश कुजूर, प्रदीप वर्मा, राहुल सिन्हा, अजय क्षत्रीय, मनीष थापा, विवेक नायक सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मांडर विधायक ने पंचायतों का दौरा कर जनसमस्याओं की ली जानकारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को प्रखंड के दो पंचायतों का दौरा करते जन समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान जामटोली पंचायत के हुंटार एवं केशा पंचायत के केशा टिकरा टोली गांव का भ्रमण किया। साथ ही ग्रामीणों को जन समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर उप प्रमुख मोदस्सीर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मो. शमशाद, फहीम अंसारी, अंजू कच्छप, सहिस्ता परवीन, पुनई उरांव, प्रेमचंद, सुनील उरांव, सुनीता मिंज व विरसा उरांव आदि मौजूद थे।

## भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमाटोली पंचायत के बैरटोली गांव में मंगलवार को मृतक अजय महली के स्वजनों से भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि मिले। उन्होंने आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही खाद्य सामग्री व आर्थिक सहयोग किया। वहीं भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि आप के हर सुख-दुःख में सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर मृतक के पिता भाकु महली, पत्नी, पुत्र, पुत्री व प्रतिनिधि नारायण महली, रंजन गुप्ता, प्रदीप राम, रमेश भगत, चुमनु उरांव, अंदु महली मौजदू थे।

## लापुंग सीएचसी में रक्तदान शिविर आयोजित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग में रक्त संग्रह केंद्र का आयोजन किया गया। आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 6 स्वास्थ्यकर्मी अमित कुमार, भीम साहू, श्रवण कुमार के अलावे तीन स्वास्थ्यकर्मी और तीन -तीन ग्रामीणों नारायण महली, रतन साहू और वीरेंद्र ने कुल 9 यूनिट रक्तदान कर दूसरों की प्राण की रक्षा करेंगे। रक्तदान महादान होता है। प्रचार प्रसार की कमी के कारण रक्त दान में ग्रामीणों का योगदान रहा। रक्त संग्रह करने के लिए सदर अस्पताल रांची की टीम उपस्थित थी।

## बुढ़मू प्रखंड के गांवों में डीएमएफटी मद से बनने वाली योजनाओं का सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के विभिन्न गांवों में डीएमएफटी मद से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने प्रखंड के बंसरी में स्कूल भवन, मोहनपुर विद्यालय में अतिरिक्त स्कूल भवन, पतराटोली में स्कूल भवन तथा शौचालय व भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव में शौचालय निर्माण का शिलान्यास किया गया। वहीं बरौदी गांव में बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण नहीं हो पाया। मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीणों का विकास ही केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। वहीं विधायक ने कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने की बात कही। मौके पर मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव, बिंटू शाहदेव, कमल मोदी, संजय पटेल, गुड्डू सिंह, मुखिया दशरथ उरांव, जयकुमार साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## सुदेश को केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के तीन दिनी महाधिवेशन के बाद सुदेश कुमार महतो को फिर से केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर आजसू कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हरमू पार्टी कार्यालय में जाकर उन्हें बधाई दी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सुदेश महतो ही पार्टी के नेतृत्वकर्ता है। कहा कि उनकी लोकप्रियता से सत्ताधारी में खलबली है। बधाई देनेवालों में रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, प्रकाश लकड़ा, जितेंद्र सिंह, काशीनाथ महतो, अजीत महतो, जलनाथ चौधरी, जगरनाथ महतो, बिरबल बैठा, अर्जुन राम, उमेश महतो, लक्ष्मण महतो आदि शामिल थे।

## स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर टाटीसिलवे स्थित जय प्रभा कमला नेहरु विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता अभियान को लेकर स्कूल में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें स्कूली बच्चों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का रूप धारण कर लोगों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये जागरुक किया। इस मौके पर बच्चों ने कहा कि स्वच्छता बनाये रखने के साथ-साथ हमलोगों को पर्यावरण संरक्षण की भी जिम्मेवारी उठानी होगी, तभी हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर सकते हैं। आज लोग अपने स्वार्थ के लिये जंगल को काटते हैं। जबकि जंगल रहने से वहां पर रहने वाले पशु-पक्षी को नुकसान तो पहुंच रहा है, साथ ही मानव जाति पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इस मौके पर छात्रा रागिनी, श्रेया, काजल, नेहा, देवकी, खुशी, पिया, रोशनी, आयुषी, अनु, कामिनी, मुस्कान, दिव्या, प्राची, आनंद, क्रिश, शुशांत, देव, करण, निधि, साक्षी, प्रियांशी, दीपाली, सुप्रिया, दिव्या, वीर, जय के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## संकल्प यात्रा : झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही अपराधी और बिचौलिये जायेंगे जेल

# हेमंत सरकार ने पुलिस को अपराधी पकड़ने के बजाय हरे-हरे नोट पकड़ने में लगा दिया है : बाबूलाल मरांडी

पांकी में वर्षा के बावजूद काफी संख्या में जुटे लोग

पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने बाबूलाल मरांडी का किया स्वागत

राम प्रकाश तिवारी



**नीलांबर-पितांबरपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा की संकल्प यात्रा मंगलवार को नीलांबर पितांबरपुर पहुंची। गोवर्धन मैदान, पशु अस्पताल परिसर में आयोजित जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पाकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता और अन्य नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। यहां पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता और सहयोगियों द्वारा मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी को अंग वस्त्र और फूल माला देकर कर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार बनते ही मां बहनों के लिए इज्जत घर बनवाया। देश के गरीब किसान मजदूर के लिए प्रधानमंत्री आवास बनवाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने देश के गांव देहात में रहनेवाले लोगों के लिए उज्ज्वला योजना के तहत रक्षाबंधन के मौके पर रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी दी।

केंद्र की मोदी सरकार ने जनधन योजना के तहत गरीबों का बैंकों में खाता खुलवाया तथा देश के 80 करोड़ लोगों के बीच पांच किलो फ्री राशन देने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री को गरीबों की हमेशा चिंता रहती है। उन्होंने लोकसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देकर महिलाओं को राजनीति में भी भागीदारी दे दी है। अब सांसद विधायक भी महिलाएं बन कर अपनी बात को रख सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में फिर से राज्य और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तथा देश के लुटेरे और विचौलिया जेल के अंदर होंगे।

उन्होंने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि झारखंड में लूट का डिपार्टमेंट खुल गया है। जिस पुलिस को अपराधी पकड़ना चाहिए था, अब वह हरे हरे नोटो को पकड़ने में लगी है। झारखंड में पदाधिकारी को पैसे देकर अपने ट्रांसफर पोस्टिंग को रिचार्ज करवाना पड़ता है। सरकार ने पुलिस को वसूली में लगा दिया है। चाहे बालू की गाड़ी या कोयले की, हर जगह इनसे वसूली की जा रही है।

हेमंत सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। स्कूलों में मास्टर की कमी है। अस्पताल में दवाई नहीं है। लगातार चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण की घटनाएं हो रही हैं और अपराधी बेखौफ होकर अपराध करने में लगे हुए हैं। इस सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। दूसरी ओर झारखंड में बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है। कोयला, बालू और पत्थर की लूट मची हुई है। बाहरी लोगों को बालू घाट और खनिज संपदा लूटने की खुली छूट मिल गयी है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को 1 रुपये में जमीन की रजिस्ट्री को भी बंद कर दिया और महिलाओं को प्रॉपर्टी रजिस्ट्री करने से वंचित किया है।

मौके पर महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, योगेंद्र सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, राजधानी यादव, लवली गुप्ता, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, बिपिन सिंह, लाल सूरज, प्रभात भुइंया, उदय शुक्ला, अविनाश वर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, अरुण सिंह, सत्येंद्र यादव, विजय पाठक, शत्रुघ्न सिंह, कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाबूलाल मुख्यमंत्री बनेंगे तो पांकी को अनुमंडल बनाया जायेगा : कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता

सभा को संबोधित करते हुए पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ही होंगे तथा उनके नेतृत्व में झारखंड की दशा और दिशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, अबकी बार डेढ़ लाख पार मतों से विधानसभा और लोकसभा को जीतेंगे तथा दूसरी बार फिर से पांकी में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में बालू के लिए हाहाकर मचा है, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास बनाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए 2024 में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि पलामू में एक कल्याण विभाग है, जो केवल कब्रिस्तान की चारदिवारी बनाने में लगा हुआ है। हम मांग करते हैं कि इस कल्याण विभाग का नाम बदल कर कब्रिस्तान विभाग सरकार को कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पांकी अनुमंडल बनाने की लंबे समय से मांग है। इस सरकार में कोई सुननेवाला नहीं है। जब बाबूलाल मरांडी झारखंड के मुख्यमंत्री होंगे, तो पांकी को अनुमंडल बनाया जायेगा। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र में बन रही सड़क की दुर्दशा से भी बाबूलाल को अवगत कराया। बताया कि यहां के ठेकेदार द्वारा सड़क बनायी जाती है, वह एक सप्ताह के अंदर ही टूट जाती है। जांच में भी लीपापोती कर दी जाती है। आने वाले दिनों में इन ठेकेदारों पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### करंट लगने से भुलाईडीह के युवक की मौत

हरिहरगंज/पलामू (आजद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत भुलाईडीह गांव निवासी अमृत यादव के 22 वर्षीय पुत्र बिहारी यादव को बिजली का करंट लगने से मंगलवार को इलाज के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार युवक बारिश के दौरान सीढ़ी से छत पर चढ़ रहा था। इसी दौरान प्रवाहित नंगा तार के चपेट में आने से करंट लग गयी। जिसके बाद परिजनों ने देखा और इलाज के लिए औरंगाबाद ले गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शादी शुदा था और उसकी एक छोटी से लड़की है। वह मजदूरी कर जीवन यापन कर था। वहीं इस घटना से परिजनों में हा-हा कार मची हुई है।

### अष्टभुजी मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

संवाददाता विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड सात के रेहला स्थित अष्टभूजी मंदीर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को धूम धाम से मानने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन और संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मती से उमेश चौधरी को कमेटी का तीसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। वही सुधांशु दिक्षित, शशी शंकर तिवारी व श्रीकांत दिक्षित को उपाध्यक्ष, रितेश दिक्षित को सचिव तथा रवि शंकर तिवारी व हीरा केशरी को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित, वरीय भाजपा नेता डॉ बीपी शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद रामचंद्र साव, कृष्णा गिरि, प्रिय व्रत सिंह, प्रमोद दिक्षित, समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, शिक्षक विनोद दिक्षित, अवध बिहारी पसवान साहित कई लोग मौजूद थे।

## संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प सप्ताह के तहत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन






आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले में एक मात्र चयनित अकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज की घोषणा किये जाने के बाद वरिय पदाधिकारी के निर्देश पर हर विभाग क्षेत्र में विकास को लेकर लगातार अभियान चला रही है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में नीति आयोग अंतर्गत अकांक्षी प्रखंड में संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प सप्ताह के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग डॉ अर्चना तिवारी, चर्म रोग डॉ उदय कुमार सिंह और हड्डी रोग डॉ अरुण सिंह आदि विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था। जिसका लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के सैकड़ो मरीजों ने भरपूर उठाया। इस दौरान सभी तरह रोगों के मरीजों को मुफ्त में भी दवा दी गयी। इससे पहले टीवी हारेगा देश जीतेगा आदि नारों के साथ टीवी विभाग के सिनियर ट्रिटमेंट सुपरवाइजर सरोज कुमार मेहता, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर शाहीन, सृजनी और गांधी फेलो किशन के नेतृत्व में स्वास्थ्य सहियाओं ने चैंपियन जुलुस निकाल कर क्षेत्र का भ्रमण किया। शिविर में पूर्व सीएचसी प्रभारी डॉ गोपाल प्रसाद, डॉ बिमलेश सिंह, डॉ मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने मरीजों की जांच की। मौके पर बीपीएम संजय सिंह बीटीटी कृष्ण मुरारी मिश्रा, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार,विक्रान्त कुमार, बाल विकास परियोजना से प्रवेक्षिका सुमित्रा देवी सहित स्वास्थ्य सहिया और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा महोत्सव पर डंडीला खुर्द में दिखेगा कोलकाता का दक्षिणेश्वर मंदिर

पश्चिम बंगाल के कारीगर जोरशोर से लगे हैं पूजा पंडाल के निर्माण में

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू ।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बार के दुर्गा पूजा महोत्सव में यहां कलकत्ता का प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर देखने को मिलेगा। दक्षिणेश्वर मंदिर के प्रारूप का पूजा पंडाल बनाने हेतु पश्चिम बंगाल से कारीगरों को बुलाया गया है। कारीगर पंडाल निर्माण हेतु पिछले पंद्रह दिन से जुटे हुए हैं। पूजा कमेटी की माने तो इस दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण में पांच से सात लाख रुपये का खर्च आयेगा। इससे पहले डंडीला खुर्द नवयुवक संघ की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में पुरानी पूजा कमेटी को भंग करते हुए नये पूजा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विष्णु शुक्ला उर्फ डुलडुल शुक्ला को कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक शुक्ला को **उपाध्यक्ष**, दिनेश शुक्ला व आलोक शुक्ला को **सचिव**, विभूति शुक्ला, विकाश शुक्ला व शशिकांत शुक्ला को **कोषाध्यक्ष**, पुनीत शुक्ला व मंटू शुक्ला को संगठन मंत्री और पप्पू दुबे, प्रियांशु शुक्ला, नीरज शुक्ला व सोनू शुक्ला को चंदा प्रभारी बनाया गया। जबकि प्रो. नंदलाल शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, शुशील शुक्ला, अरविंद शुक्ला, राशाविहारी शुक्ला, हेमेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, देवनारायण दुबे और चंचल शुक्ला को कमेटी के संरक्षक मंडली में शामिल किया गया है। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया।

यहां बताते चलें कि डंडीला खुर्द नवयुवक संघ का दुर्गा पूजा महोत्सव बिश्रामपुर नगर परिषद का सबसे भव्य आयोजन माना जाता है।

## मजदूर किसान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला पांकी पलामू अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवक सेविकाएं और महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि पांकी बीडीओ राज कुंवर सिंह, महाविद्यालय के सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद, जिला परिषद निधि सिंह, पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, डंडार पंचायत समिति श्यामनंदन ओझा, नुरु पंचायत समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. पुरूषोत्तम सिंह, एनसीसी के लेफ्टीनेंट आलोक कुमार पाठक सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहें। प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ने बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे रक्त की कमी से जूझ रहे असहाय लोगों को जीवन दान दिया जा सके।

## बाबूलाल मरांडी की सभा आज, कार्यकर्ताओं में उत्साह, कार्यक्रम होगा यादगार : कर्नल संजय




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा के झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 4 अक्टूबर को निर्धारित है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी जी हुसैनाबाद अनुमंडलीय कपूर्री मैदान में बुधवार को दोपहर 2 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बात की जानकारी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के चलते कार्यकर्ता को कार्यक्रम को लेकर संदेह हो रहा था लेकिन उन्होंने आश्वस्त कराया है कि प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री बाबुलाल मरांडी जी का संकल्प यात्रा हुसैनाबाद में उक्त तिथि व समयानुसार होगा। इस संकल्प यात्रा में विस क्षेत्र से अपार जन सैलाब उमड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक व यादगार होगा। मौके पर किसान मोर्चा के सदस्य एचएन गिरी, सत्यनारायण यादव, पच्चू शर्मा, बीर बहादुर सिंह, अजय, बद्री नारायण, छोटू, रवि रंजन, रामप्रवेश आदि मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा आगामी चुनाव की दशा दिशा तय करेगी : रविंद्र सिंह

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भाजपाइयों ने बाटा आमंत्रण पत्र



ग्रामीणों को आमंत्रित करते भाजपा नेता

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में लगातार मुसलाधार बारिश के बीच भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद में बुधवार को आगमन को लेकर कार्यकताओं का उत्साह चरम पर है। उनके संकल्प यात्रा में अधिक अधिक लोगों की भागदारी सुनिश्चित कराने के लिये कार्यकर्ताओं का काफिला मंगलवार को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर ग्रामीणों सहित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में आने के लिये आमंत्रित किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वर्तमान बारिश के बावजूद पतरा कला, पतरा खुर्द, झरगाड़ा, मंजुराहा, चनकार, वैद्य बिगहा, टोंगरा, कोसी, अलीनगर सहित अन्य गांवों में भ्रमण कर लोगों से हालचाल लेने के बाद बुधवार को संकल्प यात्रा में आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चार अक्टूबर को हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में अपराह्न दो बजे बाबूलाल मरांडी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उनके आवास पर लोगों से सीधा संवाद के अलावा प्रेसवार्ता भी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनसैलाब का रुप लेगा। इस संकल्प यात्रा से ही आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की दशा व दिशा तय होगी।

### संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने की अपील



**हरिहरगंज/पलामू।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण कर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा में भाग लेने का अपील किया है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर बुधवार को हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में हजारों की संख्या में पहुंचकर बाबूलाल मरांडी जी के बातों को सुने और ऐतिहासिक संकल्प यात्रा को सफल बनाएं। इस मौके पर विनोद पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, दिनेश पासवान, अनुज कुमार, शम्भू पासवान, संतोष पासवान, शंभू यादव, विजय प्रजापति, अजीत कुमार, विपुल कुमार, निखिल कुमार आदि शामिल थे।

### भाजपा की संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को पांडू प्रखंड अंतर्गत श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण जनता की एक बड़ी बैठक आहूत की गयी। बैठक में शुक्रवार को जनता हाई स्कूल बिश्रामपुर के मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा सभा में हजारों की संख्या में सम्मिलित होने का निर्णय किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जवाहर पासवान, सतीश, रामनंदन राम, बितन, बबलू, सुरेंद्र, यमुना, पूरन, लालबिहारी, जयकिशोर, नंदलाल, शिवनाथ साव, नारद, इंदल, अशोक सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 04 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# व्यापारियों का नंबर उपलब्ध करानेवाले सहित चार गिरफ्तार

## ऑटोमेटिक पिस्टल, कट्टा, 56 कारतूस, दो बम, 50 हजार नगद के अलावा मोबाइल व इंटरनेट राऊटर बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस को अब तक कि सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के व्यवसायियों से रंगदारी मांगने वाला वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान का नेक्सस पुलिस ने तोड़ दिया है। पुलिस ने प्रिंस के नेटवर्क को तोड़ते हुए मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाला नसीम अंसारी व उसका एक सहयोगी सद्दाम अंसारी, हथियार सप्लाय करने वाला विकास सिंह और व्यवसायियों का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने वाले चार प्रमुख साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने 5 ऑटोमेटिक पिस्टल, एक देसी कट्टा, 56 जिंदा कारतूस, दो सुतली बम, मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 50 हजार नगद बरामद किया है। इसको लेकर मंगलवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी पत्रकारों को दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, डीएसपी मुख्यालय 1, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, ट्रैफिक डीएसपी सहित कई थानेदार मौजूद थे।



### जांच के दायरे में कुछ सफेदपोश और कई फर्जी पत्रकार, पुलिस जुटा रही है इनके विरुद्ध साक्ष्य

एसएसपी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी बताया कि अनुसंधान के क्रम में प्रिंस खान गिरोह के को अलग अलग तरीकों से मदद करने वाले कई सफेदपोश और कई फर्जी पत्रकारों की भी जानकारी मिली है। वे सभी जांच के घेरे में हैं। पुलिस उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाने में लगी उनके नामों का भी जल्द खुलासा किया जाएगा।

**मेजर उर्फ नसीम नाम बदलकर आसनसोल में रह रहा था, पहले भी जा चुका है जेल, पैरोल पर बाहर आकर हो गया था फरार :** एसएसपी ने बताया कि मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाला नसीम अंसारी कतरास के छताबाद का रहने वाला है। 2008 में एक हत्या के मामले में उसे सजा भी हुई थी उसके बाद वह पैरोल पर बाहर आया था तभी से फरार था। वर्तमान में वह नाम बदलकर आसनसोल में रह रहा था। इस दौरान उसने अपना नाम रजी अहमद रख लिया था और इसी नाम से फर्जी आधार कार्ड, ड्राइवरी लाईसेंस सहित सारे डॉक्यूमेंट बना रखा था। पुलिस ने सभी फर्जी डॉक्यूमेंट मो जब्त कर लिया है। इसके अलावे हथियार सप्लाई करने वाले विकास सिंह को जिले के कई थानों पर हत्या व रंगदारी जैसे आधे दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं।

### अब तक प्रिंस गिरोह के करीब 45 सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

इससे पहले एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने अब तक प्रिंस खान गिरोह के करीब 45 सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। आज की हुई गिरफ्तारी में जिस मेजर के नाम से व्यापारियों में दहशत फैलाया जाता था उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने बहुत बडी सफलता हासिल की है। एसएसपी ने बताया कि बहुत जल्द प्रिंस खान को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके गिरोह के किसी भी सदस्य को बक्सा नहीं जाएगा। कहा की सिटी एसपी, ग्रमीण एसपी, डीएसपी विधी व्यवस्था, डीएसपी वन और कई थानो के थानेदार की अथक प्रयास से प्रिंस खान के नेक्सस को ध्वस्त करते हुए सबों की गिरफ्तारी की गयी है।

## डीएवी-6 के विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध की प्रतिज्ञा ली




**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर - 6 में स्वच्छ भारतमिशन के तत्वावधान में तंबाकू सेवन से रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन की रोक थाम के लिए तंबाकू निषेध की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा तंबाकू के सेवन से फेफड़े का कैंसर हृदय रोग सांस की बीमारी होते हैं। भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं उत्पादक देश है। विश्व स्तर पर तंबाकू के सेवन की वजह से हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत होती है। विश्व भर में धूम्रपान करने वाली महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। हालांकि, इसकी वजह से महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को कई तरहकी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, अखिलेश कुमार, सुनीता कुमारी, किरण सिंह, राजेश, आभा कुमारी, रूबी यादव, सरोज कुमारी, भावना घाले, आराधना, रूपा, नीलम झा, सोनिया, पुतुल मंडल वश्याम भूषण श्रीवास्तव आदि का सहयोग मिला।

## विधायक ढुल्लू और डॉ उमाशंकर ने नारियल फोड़ कर किया सड़क का शिलान्यास



**कतरास।** तोपचांची कतरास पथ के आसपास रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है कि अब जल्द ही तोपचांची मार्ग से निचितपुर स्टेशन सड़क मार्ग में आवागमन सुगम होगा। इसके लिए विधायक ढुल्लू महतो व डॉ उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रुप से पूजन व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ढुल्लू ने कहा कि निचितपुर एवं इसके आसपास के लोगों के मांग को गंभीरता से लेते हुए 2'4 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। अब निचितपुर स्टेशन व यज पास जाने में होगी सुगमता । मौके पर उपस्थित सेकडों स्थानीय लोगों ने विधायक ढुल्लू को वधाई दिए। वही मौके पर टिंकू तिवारी, जिप अध्यक्ष के प्रतिनिधि शेखर सिंह, सीटू मिश्रा, पिंटू दे, राजेश स्वर्णकार, रघुनाथ हजारी, श्रीकांत चटर्जी, विजय सिन्हा, राजेश गुप्ता, बिमल राजवार, प्रदीप गुप्ता, निलेश सिंह, बबलू मिश्रा, तिरुपति सिंह, सीटू सिंह, आदि थे।

## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**फुसरो(बेरमो)।** महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो द्वारा स्वीच ऑन फाउंडेशन के सौजन्य से ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल ढोरी क्षेत्र के पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौरव कुमार ने कहा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण बहुत ही कारगर उपाय कर सीसीएल लगातार संस्था के साथ मिलकर कई तरह कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि सीसीएल पर्यावरण विभाग अनिरुद्ध कुमार ने कहा जिस तरह भगवान भोलेनाथ ने विष पीकर सृष्टि की रक्षा करते हुए नीलकंठ कहलाए, ठीक उसी तरह पेड़ पौधे भी वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड नामक जहीरिली गैस को पीकर हमे ऑक्सीजन के रूप में जीवन दायिनी अमृत प्रदान करते हैं। जिसके तहत क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यकर्म के अंत ने विद्यालय प्रांगण में अतिथियो और छात्र छात्राओं ने मिलकर सामूहिक रूप में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक सुरेश कुमार और घनश्याम जी ने सराहनीय सहयोग दिया। 06

### डीवीसी पेंशनरों के बढ़ाये गये आवास किराये को स्थगित करने पर बनी सहमति

## डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में प्रबंधन, स्थानीय सांसद और विधायक के साथ हुई वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** पेंशनरों का आवास किराया 25 गुणा बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में चैयरमेन एम रघुराम के साथ धनबाद सांसद पीएन सिंह एवं निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की वार्ता हुई। वार्ता में डीवीसी प्रबंधन को पेंशनरों के बढ़ाये गये 25 गुणा आवास किराया को स्थगित करना पड़ा। सहमति बनी कि सांसद श्री सिंह के प्रस्ताव पर पेंशनरों के आवास लीज लाइसेंस में संशोधन करने के लिए डीवीसी बोर्ड में पुनः स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। तब तक पेंशनर्स के बढ़ाये गये आवास किराया को स्थगित रखा जाएगा। इसके अलावा डीवीसी में कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों, दुकानदारों के 3 गुणा लाइसेंस फी बढ़ाने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। डीवीसी चैयरमेन एम रघुराम एवं मेंबर सेक्रेटरी जॉन मथाई ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों एवं दुकानदारों की समस्याओं का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा। बैठक में डीवीसी की ओर से सचिव जॉन मेथाई, एचआर हेड राकेश रंजन, भू सम्पदा निदेशक एसएन दत्ता, सीएसआर हेड एनके वर्मा, मेंबर फिनांस अरूप सरकार और सांसद पीएन सिंह, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव, सांसद प्रतिनिधि नितिन भठ, रवीन्द्र साहनी, पेंशनर्स प्रदीप कुमार सिंह, बादल प्रसाद, विनय कुमार श्रीवास्तव, अमरेश कुमार आदि शामिल थे।

## विद्यालय में बांटी गयी पठन पाठन सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** स्कूल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है?, शिक्षा एक व्यापक लक्ष्य है, शिक्षा बच्चों के अंदर विचार और कर्म की स्वतंत्रता विकसित करती है, दूसरों के कल्याण और उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करती है उक्त बातें एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय में नोटबुक, स्कूल बैग एवं ज्ञान सेतु पुस्तक वितरण समारोह में एग्यारकुंड प्रखंड के उप प्रमुख विनोद कुमार दास ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों उपस्थिति के अनुकूल शिक्षक की कमी रहने के बावजूद अच्छी शिक्षा दिया जाना दूसरे विद्यालय के लिए प्रेरणा है। कहा कि विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है इसकी वृहद मरम्मती की आवश्यकता है इस विषय पर विभाग को ध्यान देना चाहिए। प्रखंड पंचायत शिक्षा समिति के सदस्य मेयना बॉउरी ने कहा कि विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कार्यालय, आईसीटी लैब, चावल भंडारण हेतु कमरा की आवश्यकता है इसके निर्माण हेतु विभाग को कदम उठाना चाहिए। एगयारकुड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम ने कहा कि डीएमएफटी मद से विद्यालय भवन की मरमती, एक कमरे का निर्माण की स्वीकृत होने के बावजूद उक्त मद में राशि आवंटित नहीं की गई है जिसके कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।

## जेडीएस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की इंडस्ट्री कोलियरी में बैठक

**धनसार।** एनडीए गठबंधन में जनता दल सेक्यूलर के शामिल होने के घोषणा के बाद पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेताओं ने इंडस्ट्री कोलियरी मैं बैठक कर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता मोहम्मद सलाम अंसारी ने कहा कि यह गठबंधन देश की दशा व दिशा तय करेगा। अब तक मुस्लिम समुदाय को अन्य पार्टियों ने छलने का काम किया है। समाज के लोग विकास से आज भी कोसो दुर है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन झा के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता गठबंधन को भारी बहुमत से जीत दिलाने केलिए कमर कर चुके हैं। साथ ही देश में धार्मिक उन्माद फैलाने वालों पर नकेल कसने का काम करेगी। पार्टी द्वारा जल्द ही झारखंड में संवाद यात्रा शुरू की जाएगी। यात्रा में कार्यकताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।मौके पर मो० राजन खान, साकेत तालीब, अरमान अली, सोनू अंसारी, भगतु मोदी, मो. सद्दाम, मो. तारीख आदि उपस्थित थे।

## झरिया राज प्लस टू उच्च विद्यालय ने किया प्रतिभा को सम्मानित



**धनसार।** इंडस्ट्री कोलियरी रोड स्थित झरिया राज प्लस टू उच्च विद्यालय के 11वीं के तीन छात्र छात्राओं ने रांची स्थित खेलगांव स्टेडियम में आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता वर्ग आयु 17 में जूडो खेल में गोल्ड मेडल जीत कर धनबाद का नाम रोशन किया। जिन मे मानस कुमार राय, मानसी कुमारी व अल्फिया जोहा को विद्यालय के सभागार मे मंगलवार को शिक्षकों ने सम्मानित किया। उन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो राहत हुसैन ने माला पहना बुके व उपहार प्रदान किया। इस दौरान राहत हुसैन ने सम्मानित प्रतिभागियों के साथ विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित कर उनका हौसला बढ़ाया। ताकि भविष्य मे और भी अच्छा प्रदर्शन कर अपने देश का नाम ऊंचा करें। मौके पर विद्यालय के एसपी घोषाल, डॉ कविता झा, नीरज कुमार, अजीत कुमार, सरनाली मुखर्जी, अमली बासू, सहीत अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से बिरसा चौक में बोकारो प्रबंधन का पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से बिरसा चौक में बोकारो प्रबंधन का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के केंद्र अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट को विस्थापित अपनी जमीन देकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन आज उनके वंशज बेरोजगारी भुखमरी लाचारी एवं पलायन जैसी स्थिति का दंश झेलने को मजबूर है। आज बोकारो संयंत्र से देश का विकास हुआ लेकिन विस्थापितों का विनाश हुआ है जिसका सबसे बड़ा दोषिदार बोकारो प्रबंधन को मानते हैं। क्योंकि वह यहां के विस्थापितों के बारे में कभी नहीं सोचा कि आज यहां के लोगों का जमीन चला गया तो यहां के लोग अपनी जीविकोपार्जन के लिए क्या करेंगे अगर उसके पास जमीन रहता तो खेती कर के भी रोजगार करते लेकिन उसके पास जमीन बचा ही नहीं। बोकारो प्रबंधन यहां के विस्थापितों की जमीन तो ले ली लेकिन विस्थापित आज भी नियोजन रोजगार एवं जमीन का मुआवजा के लिए वंचित एवं आंदोलनरत है। उत्तरी क्षेत्र में जो 09 किलोमीटर बाउंड्री वॉल किया गया उसमें अनपेमेंट जमीन रैयतों का उद्योग लगाने के नाम पर एसडीओ चास बोकारो की अध्यक्षता में त्रिपक्षी समझौते के आधार पर बाउंड्री वॉल किया गया लेकिन बीएसएल प्रबंधन द्वारा आज तक लिए गए निर्णय का अनुपालन नहीं किया इसलिए विस्थापित अब आर या पार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर है और उत्तरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विस्तारीकरण या उद्योग धंधा तब तक नहीं लगने दिया जायेगा जब तक विस्थापितों का पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाता है। मोर्चा द्वारा कई आंदोलन की घोषणा की गयी है। दिनांक 13 10 2023 दिन शुक्रवार को विस्थापित रैयत पारंपरिक हथियार तीर धनुष, डंडा, बैगरह के साथ पैदल मार्च रैली बिरसा चौक से गांधी चौक सेक्टर 4 तक किया जायेगा। दिनांक 3 नवंबर 2023 को उत्तरी क्षेत्र बगलाता में अनपेमेंट जमीन 09 किलोमीटर चारदीवारी निर्माण जो किया गया है।

### विस्थापित अपनी मांगों को लेकर हमेशा संघर्षरत है और हमेशा संघर्ष करता रहेगा

बोकारो इस्पात संयंत्र काल में जिन झारखंडियों की जमीन चली गई आज वह बोकारो से विस्थापित हुए उनका खतियान बोकारो का है इस खतियान के आधार पर जाती, आवासीय, आय, बनाते आ रहे हैं इसलिए बोकारो के विस्थापितों को खतियान के आधार पर 75% आरक्षण सभी क्षेत्रों में जैसे सभी प्रकार की बहाली, उद्योग धंधों, ठेकेदार, दुकानदार, व्यवसाय में दिया जाए ताकि उसे उनका अधिकार मिल सके।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक............खूँटी, दिनांक..................

*Request for Proposal*

नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत विभिन्न वार्डो एवं चौक–चौराहों पर बहुत से वेपर लाईट एवं LED Street लाईट खराब हो गये हैं जिसे मरम्मति करने की आवश्यकता है। मरम्मति सामग्री आपूर्ति हेतु दर दिनांक 10.10.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक एजेंसी/आपूर्तिकर्त्ता निर्धारित तिथि तक बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन कार्यालय में जमा कर सकते हैं, विवरणी निम्न प्रकर है:–

| क्र0 | सामग्री का नाम | दर प्रति अदद |
|---|---|---|
| 1 | बल्ब 250 वाट (Philips) | |
| 2 | चोक 250 वाट (Philips) | |
| 3 | इग्नेटर 250 वाट (Philips) | |
| 4 | टेप | |
| 5 | तार 1.5 Sqmm | |
| 6 | तार 2.5 Sqmm | |
| 7 | स्वीच 6 Amp | |
| 8 | स्वीच 20 Amp | |
| 9 | प्लास (Taparia) | |
| 10 | पेचकस (Taparia) | |
| 11 | टेस्टर (Taparia) | |
| 12 | रींग रेंच (12–13) (Taparia) | |
| 13 | रींग रेंच (14–15) (Taparia) | |
| 14 | रींग रेंच (16–17) (Taparia) | |
| 15 | एलेंकी (Taparia) | |
| 16 | LED Dirver 110W (Osram) | |
| 17 | LED Dirver 70W (Osram) | |
| 18 | LED Dirver 110W (MIE) | |
| 19 | LED Dirver 70W (MIE) | |
| 20 | LED Dirver 110W (Philips) | |

नोट:– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 308158 Urban Development(23-24)#D



**ई–प्रोक्योरमेंट सेल**
**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/BCHZB/DHANBAD/20/2022-23( 2nd Call)**
दिनांक:– 03.10.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction Of 10 Nos Class Room, 1 Nos Principal Room, 1 Nos Staff Room, Water Supply & Sanitary Work at Kendriya Vidyalaya No-02, Dhanbad |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.90,72,300/-(Ninety Lac Seventy Two Thousand Thee Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 07 (Seven) Month |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 12.10.2023 12.00 अपराह्न तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.10.2023 |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7667757032 / 9973309316 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 308143 Building(23-24)#D



झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– शुद्धि पत्र दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के **RFP No.-01/RFP Dashboard/RWD/2023-24**, दिनांक– **24.08.2023**, PR NO.- **305552, Title of RFP- Selection of Consulting Agency to Design and Implement dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand** के द्वारा प्रकाशित **RFP** के तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिवर्तन किया जाता है।

1. Last Date and Time for Downloading of RFP Document- **16.10.2023 upto 17:00 Hours**
2. Last Date and Time for online Submission of RFP- **16.10.2023 upto 17:00 Hours.**
3. The hard copy of documents fee and EMD should be submitted to the office of Chief Engineer, Rural Works Department, 102 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi- 834001 on or before **17.10.2023, 15:30 Hours.**
4. Date of opening of the RFP- **18.10.2023, 12:30 Hours**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

PR 308203 Rural Work Department(23-24)D
नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
*Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com*

विज्ञापन संख्या:– 02 / 2023

झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–3415 दिनांक– 01.09.2023 के आलोक में जिला में संचालित **झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कटकमदाग** में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी केवल **महिला अभ्यर्थियों** से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 21.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301 में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| कक्षा 06 से कक्षा 08 के लिए | | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| कक्षा 09 से कक्षा 12 के लिए | | | | | | | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (अंग्रेजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (गणित+भौतिकी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (रसायन+जीवविज्ञान) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – अर्थशास्त्र | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध है तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

(उपेन्द्र नारायण)
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0, हजारीबाग

PR 308160 (School Education and Literacy) 23-24 (D)

## न्यूज रील्स

### ऑगस्टिनी, क्राउसज और हुलियर को फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** फिजिक्स में 2023 का नोबेल प्राइज पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी हुलियर को मिला है। नोबेल कमेटी ने माना है कि इनके एक्सपेरिमेंट से एटम और मोलिक्यूल्स में मौजूद इलेक्ट्रॉन्स की दुनिया को समझने में अहम मदद मिलेगी। एनी हुलियर फिजिक्स के फील्ड में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं।

### नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को लाहौर पहुंचेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को 4 साल बाद लंदन से वापस लौटेंगे। इसके लिए उन्होंने फ्लाइट के टिकट भी बुक कर लिये हैं। पाकिस्तानी मीडिया ऐरी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, नवाज पहले लंदन से अबु धाबी पहुंचेंगे। इसके बाद यहां से वो लाहौर के लिए फ्लाइट बोर्ड करेंगे।

## मीशो ने अपना प्लेटफॉर्म नॉन-जीएसटी इंक्लूसिव बनाया

# लाखों नये विक्रेताओं को ऑनलाइन आने में मदद मिलेगी

- सभी सेक्टरों और भौगोलिक क्षेत्रों में विक्रेताओं को मिलेंगे असीमित अवसर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने घोषणा की है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर नॉन-जीएसटी विक्रेता भी बिक्री कर सकेंगे। मीशो ने 01 अक्टूबर, 2023 से नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को अपने प्लेटफॉर्म पर बिक्री शुरू करने में समर्थ बनाने के लिए कई टेक्नोलॉजिकल अनुकूलन किये हैं। मीशो ने यह शुरूआत हाल ही में जीएसटी काउंसिल द्वारा 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने की अनुमति मिलने के बाद की। उद्योग में देखने में आया है कि जीएसटी अनुपालन की जरूरत पूरी ना हो पाने के कारण ई-कॉमर्स पर पंजीकरण की प्रक्रिया में हर साल 1.2 मिलियन विक्रेता बाहर हो जाते हैं। सरकार के लिए गये इस परिवर्तनकारी निर्णय से कई सेक्टरों, भौगोलिक स्थानों, और विस्तृत उत्पाद संग्रह वाले उद्यमी और व्यवसाय डिजिटल कॉमर्स के क्षेत्र में आ रही इस क्रांति में शामिल हो पायेंगे। इसके अलावा यह कदम व्यक्तिगत उद्यमियों सहित 100 मिलियन व्यवसायों को ऑनलाइन मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में समर्थ बनाने के मीशो के उद्देश्य के अनुरूप है। नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स में प्रवेश और बिक्री शुरू करने का आसान व सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए मीशो ने अनेक टेक्नोलॉजिकल परिवर्तन किए हैं। **इन मुख्य प्रमुख परिवर्तनों में शामिल हैं :** इस परिवर्तन में मदद करने के लिए मीशो नॉन-जीएसटी विक्रेताओं के लिए नयी शैक्षिक सामग्री का विकास कर रहा है। यह शैक्षिक सामग्री सप्लायर पैनल और यूट्यूब पर उपलब्ध होगी, जिससे नॉन-जीएसटी विक्रेता ई-कॉमर्स के अनुरूप ढलने और अपना व्यवसाय तेजी से बढ़ाने में समर्थ बनेंगे। इस बारे में मीशो के को-फाउंडर और सीईओ, विदित आत्रेय ने कहा, भारत सरकार ने ऑनलाइन बिक्री करने वाले छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी पंजीकरण की अनिवार्यता को खत्म करने का ऐतिहासिक निर्णय लेकर एक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाया है। इससे न केवल आर्थिक विकास, बल्कि देश में कारीगरों, शिल्पकारों, महिला उद्यमियों और लाखों एसएमई को सशक्त बनाने की ओर सरकार की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। मीशो में हम इस ऐतिहासिक प्रगति के लिए उत्साहित हैं। हमारा मानना है कि इस छूट से न केवल उद्यमियों को विस्तृत अवसर मिलेंगे, बल्कि हमारे उत्पादों का विस्तार होकर ग्राहकों का अनुभव भी बेहतर बनेगा। मीशो छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ एमएसएमई को डिजिटल युग में आगे ले जाने और एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने के लिए तत्पर है। हम 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य के साथ इस परिवर्तनकारी यात्रा के लिए आशान्वित हैं। इस बारे में **नैस्कॉम के वाईस-प्रेसिडेंट और हेड, पब्लिक पॉलिसी, आशीष ने कहा,** हम सरकार द्वारा छोटे व्यवसायों को जीएसटी के अंतर्गत पंजीकरण कराये बिना ऑनलाइन बिक्री करने की अनुमति दिये जाने से उत्साहित हैं। इससे वंचित क्षेत्रों में व्यवसाय की बड़ी संभावनाएं उत्पन्न होंगी, और वहां आर्थिक प्रगति के साथ रोजगार का सृजन हो सकेगा। नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर लाने से आर्थिक समावेशन बढ़ेगा, और डिजिटल इंडिया का उद्देश्य पूरा करने में योगदान मिलेगा। इस कदम से जिन राज्यों में पहले कंपनी की मौजूदगी कम थी, वहां कंपनी का भौगोलिक विविधीकरण संभव हो सकेगा। मीशो नॉन-जीएसटी विक्रेताओं के विशेष गुणों, जैसे उनके अत्यधिक उत्साह और फैशन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम एंड किचन जैसी श्रेणियों में उनके पास स्थानीय उपयोगिता के उत्पादों की उपलब्धता को पहचानता है।

### पंजीकरण की सरल प्रक्रिया

मीशो ने पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिससे विक्रेता अपने जीएसटीआईएन की जगह अपने नामांकन आईडी/यूआईएन द्वारा साइन अप कर सकेंगे।

### कैटलॉग की अपलोडिंग बनायी सरल:

उत्पाद के कैटलॉग को अपलोड करना अब ज्यादा आसान हो गया है क्योंकि एचएसएन कोड और जीएसटी प्रतिशत वैकल्पिक हो गये हैं, और अनुपालन की जटिलताएं कम हो गयी हैं।

### जिओ-रेस्ट्रिक्टेड खोज:

सरकारी नियमों का पालन हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने उत्पाद खोजने की प्रक्रिया को नियंत्रित कर दिया है, जिससे नॉन-जीएसटी विक्रेता केवल अपने राज्य में ही बिक्री कर सकेंगे।

### ज्यादा स्पष्ट शिपिंग लेबल

मीशो ने टेक्नोलॉजिकल अपडेट्स द्वारा यह सुनिश्चित किया है कि उत्पाद के शिपिंग लेबल पर नामांकन आईडी/यूआईएन स्पष्ट रूप से दिखाई दे, ताकि पारदर्शिता व अनुपालन बना रहे।

## सोआ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार कि ओर से शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) ने आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सोआ के छात्रों ने खंडगिरि पहाड़ी पर सफाई कार्यक्रम चलाया और पर्यटकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। इस अवसर पर सोआ छात्र मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योत रंजन दास उपस्थित थे और उन्होंने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी आउटरीच मैनेजर सुजाता पाढ़ी, कार्यक्रम अधिकारी कमल लोचन महंत, राकेश रोशन शतपथी, सौर्य रंजन दास, कनकलता, सहायक मैनेजर शिक पटनायक, प्रतिक दास और राजशेखर बेहेरा और यूनिवर्सिटी के 130 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## एटीएम काउंटर का किया उद्घाटन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति विहार कंपलेक्स स्थित एसबीआई के एटीएम का उद्घाटन जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने किया । उक्त एटीएम काउंटर के उदघाटन के अवसर पर जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, रश्मी, सुमिता, मिलिना, अनिता, अनसुया तथा एसबीआई, जागृति विहार शाखा प्रबंधक निरंजन डोरा समेत उनकी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

# एम्स ने स्वच्छता विशेष अभियान के साथ गांधी जयंती मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 का आयोजन करके गांधी जयंती को भव्य और प्रभावशाली तरीके से मनाया। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों और समर्पित स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखी गयी, जिन्होंने स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इस आयोजन का एक उल्लेखनीय आकर्षण बीजू पटनायक राज्य पुलिस अकादमी (बीपीएसपीए), भुवनेश्वर के लगभग 250 पुलिस कर्मियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), भुवनेश्वर के अतिरिक्त 70 कर्मियों की स्वैच्छिक भागीदारी थी, जिन्होंने इसमें हाथ मिलाया। एम्स भुवनेश्वर समुदाय स्वच्छता को बढ़ावा देगा। दिन की शुरूआत एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास के नेतृत्व में धर्मशाला के पास वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई। इसमें डीईएएन डॉ. पीआर, डीन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप, अस्पताल प्रशासन प्रमुख डॉ. जवाहर एसके पिल्लई और स्वच्छता नोडल अधिकारी के साथ-साथ संकाय सदस्यों डॉ. मेजर मुकुंद चंद्र, डॉ. सहित प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। अशोक जेना, डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी। इस अवसर पर बीपीएसपीए और सीआरपीएफ इकाइयों के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। ओपीडी फोयर में गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों द्वारा महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, जिसके बाद स्वच्छता शपथ ली गयी, जो स्वच्छता और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने और समाज में प्लास्टिक कचरे के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, स्वयंसेवकों ने बैनर और तख्तियों का उपयोग किया, जिससे सभी प्रतिभागियों के लिए एक जानकारीपूर्ण और आकर्षक वातावरण तैयार हुआ। संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के बीच इस सहयोगात्मक प्रयास ने स्वच्छता और स्वच्छता के प्रति साझा समर्पण का प्रदर्शन किया। कार्यकारी निदेशक, प्रोफेसर डॉ. आशुतोष विश्वास ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, सामूहिक प्रयासों की सराहना की और सभी को एम्स भुवनेश्वर और हमारे प्यारे देश को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। एम्स भुवनेश्वर में स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 के माध्यम से गांधी जयंती का यह स्मरणोत्सव स्वच्छता के सिद्धांतों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है और महात्मा गांधी के शाश्वत आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है।

**अभियान में सीआरपीएफ जवान और ओड़िशा पुलिस के जवान शामिल हुए**





# स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा-2023

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भूवनेश्वर।** स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा-2023 के एक भाग के रूप में 1 अक्टूबर को नीलाचल भवन एनटीपीसी ट्रांजिट कैंप में एक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। पार्थ मजूमदार आरईडी ईआर-(ईआर दो) जीएम (एचआर) ने कर्मचारियों और सहयोगियों के साथ श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान में भाग लिया। एनटीपीसी ने रंगपुर बस्ती भुवनेश्वर में एक सफाई अभियान भी चलाया गया जिसमें निवासियों ने श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान में भाग लिया। राष्ट्र उनके कचरा मुक्त दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# खोरधा रोड मंडल ने महात्मा गांधी जी की जयंती मनायी

- खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर विक्रेताओं और यात्रियों को सूती बैग वितरित किये गये।

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भूवनेश्वर।** खोरधा रोड मंडलने हमारे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी जी को याद करते हुए, खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी जी की जयंती मनायी। एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, गुरसिमरन कौर, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), खोरधा रोड, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) के अन्य सदस्यों और शाखा अधिकारियों नेमहात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गयाजिसमें खोरधा रोड मंडल द्वारा मंडल के सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए कई स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठनकी अध्यक्षा, गुरसिमरन कौर ने विजेताओं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान हाउस कीपिंग स्टाफ को उनके जबरदस्त प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। प्लास्टिक बैग के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से, खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर विक्रेताओं और यात्रियों को सूती बैग वितरित किये गये। तत्पेश्चाति, एच.एस.बाजवा, गुरसिमरन कौर, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठनके सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी और स्काउट-गाइड के बच्चे स्वच्छता के नारों के साथ खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर एक जागरूकता रैली में शामिल हुए। लिंगराज त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, खोरधा रोड और स्वाधीनता दास, मंडल यांत्रिक इंजीनियर(कोचिंग और हाउसकीपिंग) ने स्वच्छता पखवाड़ा के सभी कार्यक्रमों का समन्वयन किया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**